मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 198 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

02 जनवरी 2024 मंगलवार

आज का मौसम

26 अधिकतम

12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## शेयर बाजार में नए साल के दूसरे दिन भी गिरावट



**मुबंई , एजेंसी।** बीते साल 2023 में शेयर बाजार ने नए कई नए कीर्तिमान स्थापित किए और दिसंबर महीने में तो इसमें खासी तेजी देखने को मिली लेकिन साल 2024 की शुरुआत भारतीय शेयर बाजार के लिए उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, पहले दिन 1 जनवरी को बाजार में गिरावट देखने को मिली, तो आज दूसरे दिन भी स्टॉक मार्केट बुरी तरह टूटा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों सेंसेक्स 550 अंक से ज्यादा फिसल गया है, तो वहीं निफ्टी 155 अंक फिसलकर कारोबार कर रहा है। कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार की शुरुआत सपाट हुई। सेंसेक्स की गिरावट 0.17 फीसदी रही जिससे वहं 72,152.55, के स्तर पर ओपन हुआ, तो वहीं निफ्टी ने 21.90 अंक यानी 0.10 फीसदी की गिरावट के साथ 21,720 के लेवल पर कारोबार शुरू किया। मार्केट ओपन होने के साथ लगभग 1661 शेयरों में तेजी देखने को मिली, तो वहीं 583 शेयर लाल निशान पर खुले, जबकि 98 शेयरों में कोई चेंज नहीं दिखा।

## सिंधिया का होर्डिंग चोरी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज



**ग्वालियर एजेंसी।** ग्वालियर-चंबल की राजनीति में अपना रसूख रखने वाले केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के महल गेट से उनके ही जन्मदिवस की शुभकामनाओं का होर्डिंग चोरी हो गया, होर्डिंग गायब होने की यह शिकायत थाने तक पहुंच गई है, लेकिन अभी तक पुलिस न होर्डिंग तलाश सकी है और न ही चोर को पकड़ सकी है। मामला ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन से जुड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि कल 1 जनवरी को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन था। उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए सिंधिया समर्थक और भाजपा जिला मंत्री सत्येंद्र शर्मा ने ग्वालियर स्थित महल जयविलास पैलेस के हाथी गेट पर एक होर्डिंग लगाया गया था, 10 फीट ऊंचे और 18 फीट लंबा यह होर्डिंग सुबह नदारद मिला।

## अंबानी की एक और कंपनी बिकेगी, खरीदार है सरकार



**नई दिल्ली एजेंसी।** बरसों से कर्ज में डूबे दिग्गज उद्योगपति अनिल अंबानी की एक और कंपनी बिकने जा रही है। उनकी कंपनी रिलायंस पावर ने अरुणाचल प्रदेश में 1,200 मेगावाट क्षमता की कलाई-दो हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को बेचने के लिए समझौता किया है। सौदा 128.39 करोड़ रुपये का है। रिलायंस पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस डील का मकसद हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट बेचकर फंड जुटाना है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड एक मिनी रत्न कंपनी है जिसका मालिकाना हक एनटीपीसी के पास है। इसकी स्थापना 1988 में हुई थी। यह टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स और कई दूसरे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स को ऑपरेट करती है। अरुणाचल प्रदेश सरकार, कलाई पावर प्राइवेट लिमिटेड और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने इस बारे में समझौते पर हस्ताक्षर कर दिये हैं।





## सर्दी का सितम बढ़ा

मध्यप्रदेश में अब कोहरा, बादल और तेज ठंड का असर नजर आ रहे है। कई शहरों में घना कोहरा सुबह दस बजे तक रहा। ग्वालियर, टीकमगढ़, खजुराहो, नौगांव, शिवपुरी और गुना में सर्द हवाएं चलीं। इससे टेम्प्रेचर लुढ़क गया। ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। आज कोहरे के चलते भोपाल में विजिबिलिटी 50 से 100 मीटर तक रही।

### मप्र समेत कई राज्यों में तेल से लेकर दूध-किराना सब्जी आपूर्ति पर कोहरा, रातभर जूझते रहे अफसर

## हड़ताल का असर पुलिस पहरे में जा रहे डीजल-पेट्रोल टैंकर

**भोपाल/नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रक, डंपर और बस चालक सड़कों पर क्या उतरे, लोगों को हर जरूरी चीज की किल्लत होने लगी है। पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें हैं। सब्जी, पेट्रोल-डीजल जैसी बुनियादी चीजों की सप्लाई करने वाली ट्रांसपोर्ट सेवाएं भी ठप पड़ती जा रही हैं। देश के अलग-अलग शहरों में लोग परेशान हो रहे हैं। ड्राइवरों ने गाड़ी की चाबियां मालिकों को सौंप दी हैं और कई स्थानों पर मालिक खुद ट्रक चलाते नजर आ रहे हैं। वहीं शहरी बस सेवा भी ठप हो गई हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने वाले लोग घंटों तक बस स्टॉप पर बसों का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन नहीं मिल रहा है। पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी बाधित होने के कारण कई पेट्रोल पंपों में ईंधन खत्म होने की बात सामने आ रही है, जिसके बाद पेट्रोल पंप और गैस स्टेशन पर ईंधन भरवाने वाले वाहनों की कतारें लग रही हैं। आज सुबह भी भोपाल में कई पेट्रोल पंप पर सुबह सात बजे से कतारें देखी गईं। दूध व सब्जी को लेकर भी लोग बदहवास रहे।



### 7 लाख जुर्माने व सजा पर भड़के

दरअसल, केंद्र सरकार ने हिट एंड रन को लेकर नए कानून बनाए हैं, जिसके तहत अगर कोई ट्रक या डंपर चालक किसी को कुचलकर भागता है तो उसे 10 साल की जेल होगी। इसके अलावा 7 लाख रुपये जुर्माना भी देना होगा। पहले इस मामले में कुछ ही दिनों में आरोपी ड्राइवर को जमानत मिल जाती थी और वो पुलिस थाने से ही बाहर आ जाता था। हालांकि, इस कानून के तहत भी दो साल की सजा का प्रावधान था। लेकिन नया कानून लागू होने के बाद दोषी को अब दस साल जेल में रहना होगा. हालांकि, घायल को अस्पताल पहुंचाने पर कुछ रियायत का प्रावधान है। ट्रक और डंपर चालक इस कानून का ही विरोध कर रहे हैं।

### मंत्री का दावा आपूर्ति सामान्य, डाइवर्स ने लाइसेंस फेंके



इधर मप्र के परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि ट्रक डाइवर्स को यह हड़ताल वापस लेनी चाहिए क्योंकि बातचीत के रास्ते खुले हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि आम जरूरतों की चीजें उपलब्ध है और हालात अभी सामान्य हैं। डाइवर्स को नए कानून को लेकर भयाक्रांत नहीं होना चाहिए। उधर, इंदौर से भोपाल और अन्य शहरों की तरफ जाने वाली बसों का संचालन बंद हो गया है। चंदला में चालकों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया लाइसेंस फेंक दिए।

### तैयार हुआ लोकसभा चुनाव का फार्मूला

## कांग्रेस 290 सीटों पर अकेले लड़ने के मूड में

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

तीन महीने बाद लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने लंबी कवायद के बाद अपनी चुनावी रणनीति लगभग तय कर ली है। केंद्रीय नेतृत्व ने राज्यों के साथ तालमेल को लेकर कई मुद्दों पर तस्वीर साफ की है। खबरों के मुताबिक पार्टी के भीतर इस बात पर स्पष्टता आ गई है कि वह आगामी आम चुनाव में लगभ 280 से लेकर 290 सीटों पर अकेली चुनाव लड़ेगी। जबकि 100 सीटों पर वह इंडिया के घटक दलों के साथ तालमेल करेगी। हालांकि कल वह इन मामलों पर बात के लिये सभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों से भी चर्चा करने वाली है।

बताया जाता है कि कांग्रेस के भीतर सहमति बनी कि 10 राज्यों में कांग्रेस अकेली चुनाव लड़ेगी। नौ राज्यों में वह क्षेत्रीय दलों के साथ तालमेल बनाकर उतरेगी। अकेले जाने वाले राज्यों में नॉर्थ ईस्ट और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, केरल, तमिलनाडु, वेस्ट बंगाल, दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कांग्रेस सीट बंटवारे के साथ चुनाव लड़ेगी। केंद्रीय नेतृत्व ने इन प्रदेश के नेताओं से साफ कहा है कि इंडिया ब्लॉक में सीट शेयरिंग पर अंतिम फैसला लोकसभा की तस्वीर को ध्यान में रखकर किया जाएगा। पार्टी ने तय किया है कि पिछले आम चुनावों में कांग्रेस जिन सीटों पर नंबर दो पर थी, वहां किसी भी तरह का तालमेल नहीं होगा। कांग्रेस 14 जनवरी से राहुल गांधी की अगुआई में होने वाली भारत न्याय यात्रा के शुरू होने से पहले सीट बंटवारे का काम पूरा कर लेना चाहती है।

### पीएचई की समीक्षा



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंत्रालय में मंगलवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर**

### 63 साल बाद पहली बार एक हिस्सा शराबबंदी से हुआ आजाद...

## जाम छलकाने की मंजूरी के बाद गुजरात में नया दौर

**अहमदाबाद , एजेंसी।**

63 साल के इतिहास में पहली बार गुजरात के किसी हिस्से को शराबबंदी से मुक्त किया जा रहा है, हालांकि इस पर बहस भी छिड़ी है। बताया जा रहा है कि उद्योगों को आमंत्रित करने के लिये होने वाले सरकार के आयोजन 'वाइब्रेंट गुजरात' के लिये यह निर्णय लिया गया है क्योंकि शराबबंदी के कारण विदेश निवेशक यहां आने से कतराते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ और राज्यों में भी शराबबंदी रही है और कई जगह यह निर्णय व्यवहारिक तकाजों के चलते वापस लेने पडे हैं। ताजा मामले में कहा जा रहा है कि गुजरात को अब शराबबंदी हटाने की तरफ ब? रहा है। गौरतलब है कि गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अगुवाई वाली सरकार ने एक साहसिक निर्णय में गिफ्ट सिटी में शराब परोसने और पीने देने की अनुमति देने का ऐलान किया है।

इसके चलते गांधीनगर में स्थित गुजरात गिफ्ट सिटी ( गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी ) में शराब पीने की अनुमति मिलने के बाद यहां के क्लब में मेंबरशिप लेने की होड़ मच गई है। क्लब में मेंबरशिप लेने के लिए हजारों की संख्या में कॉल आ रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ शराबबंदी हटने के 48 घंटे के भीतर ही गिफ्ट सिटी क्लब के सदस्यों की संख्या में 107 नए लोग जुड़ गए हैं। गिफ्ट सिटी का मेंबर बनने के लिए 7 लाख रुपये की फीस है। गिफ्ट सिटी क्लब ने मेंबरशिप में ही 7.49 करोड़ रुपये की कमाई की है। अब तक सदस्यों की संख्या 2300 हो गई है। मगर सूरत, राजकोट और दूसरे शहरों के कॉमर्शियल सेंटर और बिजनेस हब में भी इस प्रकार की छूट की मांग उठ रही है। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से पहले सरकार के इस फैसले को गेमचेंजर माना जा रहा है। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि शराबबंदी के चलते काफी सारी विदेशी कंपनियों गुजरात का रुख नहीं कर रही थीं, लेकिन अब गुजरात की गिफ्ट सिटी में वाइन एंड डाइन की सुविधा होने से गिफ्ट सिटी अब लिफ्ट कर सकती है।



### गुलजार होगी 'गिफ्ट सिटी'

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार के फैसले के बाद जिस तरह का उत्साह देखने का मिल रहा है। उससे उम्मीद जगी है कि गिफ्ट सिटी अब जल्द ही गुजरात के लिए आर्थिक हब बन सकती है। यहां पर पिछले दिनों काफी सारे बड़े ऑफिस और बैंकों के केंद्र खुले थे, लेकिन इसके बाद विदेशी निवेशकों और कंपनियों को दिलचस्पी नहीं दिख रही थी, इसका बड़ा कारण शराबबंदी था। सरकार के फैसले से अब गांधीगनर में स्थित गिफ्ट सिटी की रौनक बढ़ सकती है। सरकार ने शराब पीने की छूट संबंधी दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही है। इसमें गिफ्ट सिटी में शराब पीने वाले आगुंतक को कार्ड दिए जाने की भी बात सामने आई है, ताकि उसे पुलिस की कार्रवाई का सामना न करना पड़े। गिफ्ट सिटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

## ईमानदार चोर को पकड़ पुलिस हैरान, मकान के लिए चुराए गहने

**कोयम्बटूर , एजेंसी।**



पुलिस ने एक 'अपेक्षाकृत इमानदार चोर' को दबोचा है। वह कोयम्बटूर के फेमस जूलरी ब्रांड के शोरूम जोस अलुक्कास में घुसा था और शोरूम की तीसरी मंजिल तक दीवार के सहारे स्पाइडर मैन की तरह चढ़कर पहुंचा, मगर सामने करोड़ों की जूलरी रखी होने के बाद भी वह एक-दो छोटे गहने लेकर चलता बना। चोर की इतनी बड़ी मशक्कत के बाद मामूली चोरी को जानकर पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस पिछले 14 दिनों तक इस स्पाइडर मैन चोर के पीछे भागती रही। चोर-पुलिस का खेल भी गजब का रहा। जब चोर विजय मुनिरत्नम पकड़ा गया तो पुलिस ने भी उसका इरादा जानकर सिर पीट लिया। उसने पुलिस को बताया कि उसे मकान का पट्टा लेने के लिए एक लाख रुपये की जरूरत थी, इसलिए उसने थोड़े से गहने चुराए थे।








*भोपाल की जनता को परेशानी ना हो, इसलिए कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह समेत सारे अफसर देर रात तक पेट्रोल डीजल व अन्य आपूर्ति जारी रखने में जुटे रहे। बताया जाता है कि 10 लाख लीटर पेट्रोल डीज़ल की सप्लाई कंपनियों के टैंकरों से पुलिस सुरक्षा में कराई गई। इससे आज जनता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रशासन ने लोगों से अनुरोध किया है कि कृपया अनावश्यक ख़रीदी और पैनिक ना करें।*

### ट्रेनें ही थी एकमात्र साहरा, वे भी समय पर नहीं आ रही

# बसों की हड़ताल, कोहरे के कारण ट्रेनें भी घंटो लेट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिछले दो दिनों से यात्री दोहरी परेशानियों से गुजर रहे हैं। पहली यह कि बसों की हड़ताल है। एक से दूसरे शहरों में जाने के लिए बसें नहीं मिल रही है। ऐसे समय में ट्रेनें ही एक मात्र सहारा है लेकिन वे भी दो से लेकर 12 घंटे की देरी से आ रही है। ऐसे में कोई विकल्प नहीं है।

## यात्रा टालना ही विकल्प

भोपाल से खंडवा की यात्रा करने वाले कैलाश दाहिमा का कहना है कि उन्हें सिंगाजी ताप विद्युत गृह में कार्यरत अपने बेटे से मिलने जाना है, उसकी तबीयत खराब है। वह स्वयं भोपाल आने की स्थिति में नहीं है इसलिए जाना जरूरी है, दो दिन से परेशान हूं कोई साधन नहीं मिल रहा है। दिल्ली की ओर से जो ट्रेनें मुंबई की ओर जाती है वे 2 से 12 घंटे की देरी से आ रही है। उनमें पैर रखने की जगह नहीं मिल रही है।



## बैतूल का 600 रुपये किराया मांग रहे टैक्सी चालक

इधर हड़ताल के बीच दलाल सक्रिय हो गए है, जो विभिन्न रूटों पर जाने वाले जरुरतमंद यात्रियों को कोरोना काल की तरह अधिक किराया वसूलने के जाल में फंसा रहे हैं। सोमवार रात को एक टैक्सी चालक ने भोपाल से बैतूल का किराया 600 मांगा। नहीं देने पर एक यात्री को ले जाने से मना कर दिया। वहीं जिन यात्रियों ने मुंह मांगा किराया दिया, उन्हें टैक्सी चालक लेकर चला गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी बस सेवाएं ठप

ग्रामीण् क्षेत्रों में भी बस सेवाएं एकदम से ठप हो गई है। लोग निजी साधनों के भरोसे हैं। जिनके पास निजी साधन नहीं है, वे परेशान हो रहे हैं। वहीं ग्रामीण अंचलों में शहरों से ज्यादा पेट्रोल–डीजल की किल्लत है।

# हड़ताल का असर स्कूली बसों के पहिए भी थमे

### कुछ स्कूल खुले, अधितकर रहे बंद, पैरेंटस खुद बच्चों को लेकर पहुंचे, अभिभावकों के मोबाइल पर पहुंचे मैसेज-आने और ले जाने की व्यवस्था खुद करें

**भोपाल।** हिट एंड रन कानून के विरोध में चल रही हड़ताल के समर्थन में स्कूल बस ड्राइवर के आने के बाद स्कूली बसों के पहिए भी थम गए है। सीबीएसई सहित कई निजी स्कूलों में नए साल के पहले दिन के साथ ही कक्षाएं शुरू हुई थीं, लेकिन देर शाम तक स्कूली बस ड्राइवरों द्वारा इस विरोध के समर्थन में उतरने के कारण अधिकतर स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। किसी स्कूल में 2 दिन तो किसी में एक दिन कक्षाएं नहीं लगेंगी। अधितकर स्कूलों ने अभिभावकों को मैसेज भेजकर कहा है कि वे खुद बच्चों को स्कूल लाएं और लेकर जाएं। इसके अलावा कुछ स्कूलों में क्लास ऑनलाइन लगाई जाएंगी। ऐसे में मंगलवार को कुछ अभिभावक खुद ही बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचे। हालांकि अधिकतर स्कूलों में अवकाश रहा।



**यह रही स्कूलों की व्यवस्था:** इधर पहले से ही सरकारी स्कूलों और कुछ निजी स्कूलों में 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश पहले से ही घोषित किए गए हैं। माउंट कार्मल स्कूल, सागर पब्लिक स्कूल, जवाहर लाल नेहरू स्कूल सहित अन्य स्कूल ने पैरेंटस को मैसेज भेजकर कहा है कि वह बच्चों को वह खुद लेकर आएं और वापस भी लेकर जाएं। वहीं कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल, आईईएस पब्लिक स्कू, आनंद नगर के सेंट पॉल स्कू, एलएनसीटी स्कूल, शारदा विद्या मंदिर, कैंम्पियन स्कूल ने मंगलवार को अवकाश के मैसेज भेजे हैं। इसके अलावा डीपीएस स्कूल द्वारा ऑनलाइन क्लास लगाई जाएगी।

# मजदूरों की सेवा की, व्यसन से दूर रहने का दिलाया संकल्प

### योग वेदांत सेवा समिति की यूथ विंग ने की सेवा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

श्री योग वेदांत सेवा समिति के युवा सेवा संघ ने मजदूरों के बीच सेवा कार्य किए। भंडारे के साथ मजदूरों एवं परिजनों को साड़ी, कंबल, गर्म टोपी, कैलेंडर दिए। सेवा कार्य राजधानी से 40 किलोमीटर दूर ग्राम अगरिया जिला रायसेन में किए गए।

इस मौके पर श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश कृपलानी, सदस्य अशोक मालवीय, आर डी सोलंकी, रितेश राजदेव, मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी व युवा सेवा संघ के अध्यक्ष सुनील पाटीदार, सचिव हेम राज, उपाध्यक्ष मोहन लाल गुप्ता, देवकीनंदन मालवीय, गौरव भेलकर, धर्मेंद्र मालवीय, युवा सेवा संघ के 40 अन्य सदस्यों मौजूद रहे। साथ ही मजदूरों को व्यसनों से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। व्यसन न करने वालों को विशेष पुरस्कार दिए गए।



# सेवा, सुमिरन और सत्संग कर नए वर्ष का किया स्वागत

### संतनगर में निरंकार संत्सग सभा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत निरंकारी मंडल बैरागढ़ में नए वर्ष के पहले दिन सत्संग का आयोजन किया गया। राजस्थान से आए प्रचारक नजीर अहमद ने कहा वर्ष 2023 आया और चला भी गया, यह हमें पता ही नहीं चला, न जाने ऐसे कितने साल आए और चले गए। अब वर्ष 2024 का आगमन हो चुका है। इस वर्ष के पहले दिन ही हम सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज से प्रार्थना करते हैं कि हम सभी पर माता जी कृपा करें, हमें सद्बुद्धि दें, सद्विचार दें, सदविवेक दें, सदाचार दें, ताकि हम सभी पुरानी बातों को भूल कर इस नए वर्ष में एक नई शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि यह नया साल 2024 सभी के लिए खुशियों से भरा रहे और जिस भी संत की जो परेशानी हो वो खुशियों में बदल जाए, यही अरदास सतगुरू माता के चरणों में,खुशहाल जीवन, सेवा, सुमिरन, सत्संग करते हुए निभ जाए। संत निरंकारी मंडल बैरागढ़ ब्रांच के संयोजक महेश वीधानी ने विद्वान प्रचारक महात्मा नजीर का स्वागत किया। सत्संग में बैरागढ़ के गणमान्य नागरिक, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नए वर्ष के प्रथम दिन सम्पन्न सत्संग की सुंदर व्यवस्थाएं बैरागढ़ ब्रांच के



संचालक अशोक नाथानी, शिक्षक विजय कृपलानी, शिक्षिका सुषमा ग्वालानी, सहायक शिक्षक विजय नाथानी सहित सेवादल के भाई - बहनों द्वारा की गई।

## सुख-शांति के लिए किया विघनेश्वर पूजन, अभिषेक

**हिरदाराम नगर।** सर्व ब्राहमण साधु संत गौ रक्षा उत्थान समिति द्वारा पलासी रोड़ तुलसी पुरम में लगातार 14वें साल श्री लक्ष्मीनारायण पूजन अर्चन अभिषेक का आयोजन का शुभारंभ किया गया। जिसमें सोमवार को जनकल्याण और सुख शांति के लिए विघनेश्वर पूजन और रूद्र अभिषेक, श्री यंत्र अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में आचार्य रघुवीर प्रसाद चौबे ने विधि विधान से पूजन सम्पन्न कराई। इसके बाद हवन और प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज वर्मा, विष्णु गोस्वामी, अनुराधा गोस्वामी, डॉ. दीप्ति शुक्ला, डॉ. संजीव शुक्ला, नीतेश पलिया, रवि मिश्रा, विपिन सिंह, अंकित झा सहित कई उपस्थित थे।




*मध्य क्षेत्र के विधायक आरिफ मसूद ने इमाम, मुअज्जिनों और पुजारियों को नए वर्ष के अवसर पर उपहार वितरित कर उनका सम्मान किया।*

**मेट्रो एंकर**

### बहिराणा साहिब सुखदायी व फलदायी है-रीझवानी

# विश्व बहिराणा दिवस : सिंधी समाज ने किया पल्लव

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना हेतु मनोकामना पूर्ण करने वाले पूज्य बहिराणा साहिब के महत्वपूर्ण पर्व पर विश्व बहिराणा दिवस श्रद्धा से मनाया गया।

एच-वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने पूज्य बहराना साहब के महत्व में संक्षिप्त में प्रकाश डाला तथा प्रत्येक धार्मिक व खुशी पर्व पर इसकी आवश्यकता बताई, पंचायत के अध्यक्ष साबु रीझवानी के पूज्य बहराना साहब को सुखदायी, फलदायी, वैभवशाली, प्रगतिशील, कल्याणकारी एवं देश भक्ति के प्रतीक बताया जो प्रत्येक परिवार का जीवन सफल बनाता है, रीझवानी ने बताया कि झूलेलालजी की



असीम कृपा हेतु पूज्य बहिराणा साहिब को विधिवत फलदायी सामग्री से सवारा जाता है जिसमें पांच तत्वों जल, ज्योति, वायु, आकाश व पृथ्वी का समावेश कर ज्योत जगाई जाती हैं। इस अवसर पर एम.आई.सी सदस्य राजेश हिंगोरानी, झूलेलाल मंदिर के ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश वाधवानी व नारायण दास लालवानी ने ट्रस्ट की ओर से अतिथियों को शाल व फूल माला से सम्मान किया। बहिराणा साहिब की पूजा अर्चना, भगवान झूलेलाल के भगत परषोत्तम हरचंदानी ने करवायी, सिंधू संस्कृती के प्रतीक भगवानी झूलेलाल के भजनों की मौज भाई मोतिराम एण्ड पार्टी ने मनाई। महा आरती के बाद सबके कल्याण हेतु पल्लव करने वालों में भगत रमेश रीझवानी, मुरलीधर हरचंदानी एवं बलदेव शामिल हैं। इस अवसर पर नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, मोहन मीरचंदानी, गुलाब जेठानी, हरीश मेहरचंदानी, माधव पारदासानी, राज मनवानी, घनश्याम लालवानी, मूलचंद वीधानी, प्रताप राय तेजवानी, नरेश पारदासानी, नरेन्द्र लालवानी, राज वाधवानी, राम पारदासानी, राजकुमार मूलचंदानी, कमल प्रेमचंदानी, मंघाराम, दयाल दौलातानी, केशव लाल, किरण वाधवानी, भारती मूलचंदानी, भारती चांदवानी, इन्द्र जनयानी, प्रेम कुमार पठानी, दयालदास चंगलानी, जानकी लाल भारानी, संजय प्रेमचंदानी, भगत घनश्याम सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग मौजूद थे।

## संभागों के बाद जिला स्तरीय समीक्षा करेंगे मुख्यमंत्री



# बदलेगा नक्शा, संभाग व जिलों की सीमा का पुर्ननिर्धारण होगा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जरूरत के मुताबिक अनुसार संभाग और जिलों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण करने के लिये कहा है। इसके लिये कमेटी बनाकर अध्ययन कराया जायेगा। इस कार्य की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर संभाग से की जायेगी। यह बात उन्होंने इंदौर संभाग के खरगोन में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में कहीं। उन्होंने संभाग के विकास कार्यों की प्रगति के साथ ही कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। सीएम ने थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उक्त प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श किया जाये।मुख्यमंत्री ने कहा कि संभाग स्तरीय समीक्षा बैठकों के बाद अब जिला स्तर पर भी इस तरह की समीक्षा बैठकें आयोजित की जायेंगी। प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस का अपना बैंड होना चाहिये। इसमें पर्याप्त संख्या में सहमति नहीं मिलने पर होमगार्ड में बैंड वादकों को भर्ती किया जाये। सीएम ने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण कार्य जनप्रतिनिधियों के सुझाव के आधार पर शीघ्र पूरा कर लिया जाये। इसके साथ ही अपराधों पर प्रभावी निगरानी एवं अपराधों की ट्रेसिंग के लिये अब गांवों के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भी पंचायतों के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाएं। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा और डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मंत्री तुलसीराम सिलावट, विजय शाह, निर्मला भूरिया एवं नागर सिंह चौहान सहित संभाग के सांसद, विधायक, स्थानीय निकायों के महापौर और अध्यक्ष व अन्य अफसर बैठक में मौजूद थे।

## माशिमं की बोर्ड परीक्षा व्यवस्था में बदलाव

# जिला स्तर पर होगी केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति, 20 फीसदी अमला रिजर्व

## रेंडमाइजेशन के आधार पर 10 जनवरी तक पूरा करनी होगी पूरी प्रक्रिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं ने इस बार दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं की व्यवस्था में बदलाव किया है। इस बार केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति ब्लॉक स्तर पर नहीं की जाएगी, बल्कि यह नियुक्यिां जिला स्तर पर होंगी। रेंडमाइजेशन के आधार पर जिला स्तर पर नियुक्ति का पूरा काम 10 जनवरी तक पूरा करना होगा।**

दरअसल, इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के जारी दिशा-निर्देशों में केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों का चयन कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा। कमेटी में जिला कलेक्टर अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण, समन्वयक संस्था के प्राचार्य व संभागीय अधिकारी माशिमं सदस्य होंगे। कमेटी में सदस्य सचिव जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। कमेटी द्वारा मापदंडों को देखते हुए जिला स्तर पर रेंडमाइजेशन के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। नियुक्ति में 20 फीसदी अमला रिजर्व रखा जाएगा। परीक्षा की गोपनीय सामग्री वितरण के बाद बदलने का अधिकार माशिमं सचिव के अनुमोदन के बाद ही कलेक्टर कर सकते है। एक बार केंद्राध्यक्षों, सहायक केंद्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति होने के बाद विशेष परिस्थितियों में बदलने का अधिकार कलेक्टर के पास होगा। इसकी सूचना भी माशिमं को देना होगी।




### मोबाइल एप से होगी पेपरों की निगरानी

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू होंगी। इन परीक्षाओं को लेकर बोर्ड ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। इस बार इन परीक्षाओं में पेपरों की निगरानी मोबाइल एप से होगी। परीक्षा शुरू होने के एक घंटे बाद ही कलेक्टर प्रतिनिधि केंद्र छोड़ सकेंगे। परीक्षा के प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए जारी निर्देशों में प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए कलेक्टर प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी बढ़ाई गई है। परीक्षा के प्रश्न-पत्र परीक्षा केंद्र के नजदीकी थानों में रखे जाएंगे। प्रत्येक परीक्षा के दिन थाने से प्रश्न-पत्र निकालने के लिए संबंधित परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष के साथ एक-एक कलेक्टर प्रतिनिधि की नियुक्ति होगी। जिला कलेक्टर प्रतिनिधि के मोबाइल पर एक एप डाउनलोड करवाया जाएगा। उसके आधार पर थाने से परीक्षा केंद्र तक पेपर पहुंचाने की ट्रैकिंग की जाएगी। कलेक्टर प्रतिनिधि परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर यह सुनिश्चित करेंगे कि केंद्र पर सभी के मोबाइल बंद होकर सील्ड हो गए है। साथ ही केंद्राध्यक्ष के रूम या कंट्रोल रूप में कोई भी पेपर नहीं खोला जाएगा।

### इन्हें रखा जाएगा ड्यूटी से मुक्त


स्कूल शिक्षा विभाग ने परीक्षा केंद्रों में नियुक्ति पर साफ कर दिया है कि इस बार निम्न श्रेणी के प्राचार्य, शिक्षकों को केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष की ड्यूटी से मुक्त रखा जाएगा। मंडल द्वारा निर्धारित समन्वयक संस्था के प्राचार्य एवं उक्त संस्था में कार्यरत सहायक मूल्यांकन अधिकारी को केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष के रूप में चयन नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2023 की परीक्षा में जिन परीक्षा केंद्रों पर सामूहिक नकल की घटना हुई है, तो ऐसे परीक्षा केंद्रों पर तत्समय नियुक्त केंद्राध्यक्ष को वर्ष 2024 की परीक्षाओं के लिए पुनः केंद्राध्यक्ष का चयन नहीं किया जाएगा। वर्ष 2023 की परीक्षाओं में गोपनीयता भंग करने अथवा परीक्षा कार्य में लापरवाही बरतने वाले केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, शिक्षक व कर्मचारी अपात्र होंगे।

### यह है बदलाव का कारण

माशिमं की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में सत्र 2022-23 की परीक्षा में दसवीं-बारहवीं के कई पेपर आउट हुए थे। पेपर आउट होने में एक कारण ब्लॉक स्तर पर केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति भी सामने आई थी। इसलिए इस बार परीक्षा में ब्लाक स्तर पर केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति में बदलाव किया है।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बाघ मूवमेंट वाले क्षेत्र में मांस पकाने का मामला

# मंत्री से जुड़ा मामला, इसलिए कार्यवाही से बच रहे अधिकारी!





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व 'एसटीआर' के बाघ मूवमेंट वाले क्षेत्र में मांस पकाने की घटना के सामने आने के 20 दिन बाद भी वन विभाग कार्यवाही नहीं कर रहा है। वीडियो में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह दिख रहे हैं, उन्हीं की आवाज सुनाई दे रही है। वह वनकर्मियों से पूछ रहे हैं कि क्या बनाया है, जवाब में मांस पकाने की बात कही जाती है। बाघ मूवमेंट वाला इलाका साफ दिखाई दे रहा है, जहां आग जलाना तो दूर जाने तक की मनाही है। टाइगर रिजर्व में आग जलाने व मांस पकाकर पार्टी करने का मामला करीब 20 दिन पुराना है। सूत्रों का दावा है कि मांस पकाने से जुड़े वीडियो की पुष्टि हो चुकी है। वह एसटीआर का ही है। उसमें दिखाई देने वाले वनकर्मी भी वहीं पदस्थ है। हालांकि 20 दिन बाद भी जांच अधूरी है जिससे वरिष्ठ अधिकारी पल्ला झाड़ रहे हैं। कुछ अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों की जांच किसी वरिष्ठ स्तर के अधिकारी से कराई जानी चाहिए, क्योंकि बाघ मूवमेंट जैसे संवेदनशील वन क्षेत्र में प्रवेश करना, आग जलाना, घूमना, शोर मचाना नियमों के सख्त खिलाफ है।

### एक-दूसरे के पाले में गेंद

शुरू से ही पूरे मामले को एक-दूसरे के पाले में डालने का प्रयास होता रहा है। शिकायत मिलने के एक दिन बाद चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन असीम श्रीवास्तव ने एसटीआर के फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति को जांच के लिए लिखा था। फील्ड डायरेक्टर ने जांच स्वयं करने की बजाए एसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर से करानी शुरू कर दी। विशेषज्ञों के मुताबिक संदीप डिप्टी डायरेक्टर है और मामला चिकन पार्टी होने की दिनांक तक पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक से जुड़ा था। अब वहीं पूर्व मंत्री मंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। ऐसे में डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी से न तो पहले जांच का औचित्य था और न ही अब औचित्य है।

# अब साढ़े पांच लाख अनुपस्थित मतदाताओं का होगा सत्यापन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में छह जनवरी से शुरू होने वाले मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नाम काटने से पहले उन साढ़े पांच लाख मतदाताओं का सत्यापन करने का फैसला हुआ जो घर-घर संपर्क अभियान में अनुपस्थित पाए गए थे। बूथ लेवल आफिसर घर-घर जाएंगे और मतदाताओं की स्थिति पता करेंगे। इसके बाद नोटिस जारी कर नाम कटाने की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि 22 जनवरी तक नाम काटने, जोड़ने और संशोधन के लिए आवेदन लिए जाएंगे और फिर इनका निराकरण आठ फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया था। मतदाता पर्ची के वितरण के लिए भी बूथ लेवल आफिसर घर-घर गए थे। इस दौरान जो मतदाता घर पर नहीं पाए गए या वहां से कहीं और रहने चले गए, उनकी अलग सूची बनाई गई थी। तब तो उनके नाम सूची से नहीं हटाए गए पर अब लोकसभा चुनाव के लिए तैयार की जा रही मतदाता सूची को अंतिम रूप देने से पहले ऐसे मतदाताओं का सत्यापन कर नाम हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए कर सकते हैं आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी है। परीक्षा प्रवेश पत्र 29 जनवरी को और परीक्षा 11 फरवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति, घुमक्कड़ समुदाय के बच्चे आवेदन कर सकते हैं।

## फार्मेसी : 25 हजार के प्रवेश के बाद भी सीटें खाली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस बार फार्मेसी कॉलेजों में 4,561 सीटें खाली रह गई हैं। तीन काउंसलिंग के बाद 25 हजार 72 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। 50 नए कॉलेजों को मान्यता मिलने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 244 हो गई है। पिछले काउंसलिंग के बाद फार्मेसी की 6,142 सीटें खाली थीं। तीसरी बार की प्रवेश प्रक्रिया के बाद 3099 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। फार्मेसी कॉलेजों इस साल 29,633 सीटों पर प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू की थी। वर्तमान में प्रदेश में फार्मेसी के 194 कॉलेज संचालित हो रहे हैं।

**मेट्रो एंकर** | डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव

# इलेक्शन कोर टीम के पचास पदाधिकारी मतगणना के लिए रिजर्व, कराएंगे मतदान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव इसी माह होना है। इसके लिए तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि चुनाव के नई कार्यकारिणी के लिए मतदान और मतगणना की तैयार कर ली है। इसके लिए रूपरेखा बन चुकी है। 120 पदाधिकारियों को इलेक्शन कोर टीम में रखा गया है। इसमें से 70 पदाधिकारियों को मतदान कराए जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें से प्रवेश प्रभारी से लेकर एग्जिट प्रभारी तक को अलग-अगल जिम्मा दिया गया है। इसके अंतर्गत प्रवेश प्रभारी,हेल्प इंचार्ज, वैलेट वितरक, बूथ इंचार्ज, मतपेटी कंट्रोलर, कंट्रोल रूम, निकासी प्रभारी, पैकिंग इंचार्ज और गणना इंचार्ज शामिल हैं। इसके अलावा कुछ पदाधिकारियों को इमरजेंसी के लिए आरक्षित करके रखा गया है। इलेक्शन कोर टीम में 120 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। जिसमें 70 पदाधिकारियों को मतदान कराने का जिम्मा। वहीं 50 पदाधिकारियों को मतगणना के लिए रिजर्व सूची में रखा गया है। जल्द मतदान आयोजित कराया जाएगा।



### एक दर्जन से अधिक बनेंगे पोलिंग बूथ

मिली जानकारी के अनुसार एक बूथ में लगभग छह से आठ पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। आपको बता दें कि डीबीए चुनाव में 96 उम्मीदवारों को 4616 मतदाता मतदान करेंगे। मतदान कराने के लिए एक दर्जन से अधिक पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि यह परिवर्तनीय होंगे जो आवश्यकतानुसार बढ़ाए भी जा सकेंगे।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ

विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

# सरकार बनाम समाज: विनाश और विकास के दावों पर फिर एक भिड़ंत

**सुविचार**

''मैं तो पत्थर हूँ मेरे माता पिता शिल्पकार है,
मेरी हर तारीफ के वो ही असली हक़दार हैं।''
– अज्ञात

I ikndh;

## नया साल व दायित्व

हम सभी नयी शताब्दी के नये वर्ष में प्रवेश कर गये हैं। यह एक सामान्य रिवाज है कि नये साल में नये संकल्प व नई प्रगति की बातें होती हैं। यह अच्छा चलन भी कहा जा सकता है, लेकिन पीछे मुडकर देखना व उससे सबक लेकर आगे बढ़ना ज्यादा अर्थपूर्ण होता है। यह बात समाज, व्यक्ति, राजनीति, प्रशासन सभी क्षेत्र के लोगों पर लागू होती है। वैसे तो सामान्य अर्थों में देखें तो साल-दर-साल समय तो अपनी चाल चलता रहता है। दरअसल,नया साल समय का एक मानक है। साल कोई अच्छा-बुरा नहीं होता, बल्कि परिस्थितियां उसकी दशा-दिशा तय करती हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि समय के इस मानक को हम किस तरह बेहतर बनाते हैं। यह विचित्र संयोग ही कि नया साल रक्त जमाती सर्दी के बीच दस्तक देता है। खासकर, पश्चिमी देशों में तो बर्फ सामान्य जन-जीवन को जमा देती है। वातावरण में एक उदासी सी होती है। संभवतः जीवन की इसी एकरसता को तोड़ने के लिये ही नया साल मनाने की परंपरा शुरू हुई होगी। ताकि सर्दी को अंगूठा दिखाकर सार्वजनिक जीवन में उत्सव व उल्लास का मौसम बने। जहां तक भारतीय नववर्ष का आगमन है, वह उस समय आता है जब कुदरत मुस्करा रही होती है। सर्दी की विदाई की वेला, और ग्रीष्म ऋतु दस्तक दे रही होती है। वृक्षों पर फल-फूल व खेतों में नई फसल पकने की तैयारी होती है। मगर उत्सव कैसे भी हों हमें उल्लसित करते हैं, हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं। नये उत्साह का संचार करते हैं। हालांकि कई बार उत्साह में लोग हदें पार कर देते हैं लेकिन नए साल का उत्सव हमें अराजक व्यवहार का लाइसेंस तो कदापि नहीं देता। नशे में झूमने और तेज गति से वाहन चलाने का लाइसेंस तो कतई नहीं देता। इसके खामियाजे हर साल की पहली तारीख को सामने आते हैं और कल भी आए हैं। कुल मिलाकर एक व्यक्ति की आजादी किसी की आजादी का अतिक्रमण करने का अधिकार नहीं देती। विडंबना है कि नई पीढ़ी तरह-तरह के नशों व उन्मादों में डूबकर नये साल का उच्छृंखल जश्न मनाने को बेताब रहती है। सवाल बनता है कि सुबह तक हुड़दंग के बाद जब वे देर से एक अलसायी सुबह के साथ उठते हैं तो क्या ऐसे नये साल का स्वागत करते हैं? बहरहाल, अब जबकि हमने वर्ष 2024 में कदम रख लिया है तो गौरतलब यह है कि यह वर्ष आम चुनावों का साल है। यह लोकतंत्र के महाकुंभ का वर्ष है। बतौर जिम्मेदार नागरिक हमें तटस्थ भाव से तय करना है कि संकीर्णताओं की राजनीति में जगह न रहे। भारतीय लोकतंत्र में सामाजिक समरता व धर्मनिरपेक्षता पर अतिक्रमण न हो। भारत विभिन्न संस्कृतियों व धर्मों का गुलदस्ता है। इसमें हर वर्ग के अपने दायित्व हैं बदलते समय,अपेक्षाओं व युवाओं के इस देश में राजनीतिज्ञों को धार्मिक मामलों से तटस्थता व सुरक्षित दूरी रखकर युवाओं की जरूरत को समझते हुए नया वातावरण देने की कोशिश होनी चाहिये। सामान्य अपेक्षा तो यही है कि राजनेताओं को विशुद्ध राजनीति करनी चाहिए व धर्मगुरुओं को धार्मिक क्रियाकलाप। कोई भी लोकतंत्र सहिष्णुता, सद्भाव व विश्वबंधुत्व के आधारभूत तत्वों से ही समृद्ध होता है। दरअसल, लोकतंत्र की शुचिता व भविष्य उसके जिम्मेदार नागरिकों के व्यवहार पर निर्भर करता है। देश के युवाओं के कंधों पर इस लोकतंत्र की अस्मिता की रक्षा का भी दायित्व है। उन्हें लोकतंत्र के महाकुंभ को गंभीरता से लेते हुए न केवल अपने मताधिकार का प्रयोग करना है बल्कि स्वस्थ जनमत बनाने में भी अपना योगदान देना है। नये साल में चुनाव तो महत्वपूर्ण हैं ही, कई और मोड़,पड़ाव महत्वपूर्ण बनेंगे।

**रामचंद्र गुहा**



जितने भी भारतीय राज्यों को मैं जानता हूं, उनमें केरल में नागरिक समाज संगठन सबसे अधिक सक्रिय हैं, जो सरकारों और राजनीतिक पार्टियों के हस्तक्षेप से परे स्वतंत्र रूप से फलते-फूलते हैं। ये समूह विज्ञान, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे अनेक क्षेत्रों में काम करते हैं। इन समूहों द्वारा किए जाने वाले कामकाज कई बार विद्वानों और वैज्ञानिकों की भागीदारी से बेहतर हो जाते हैं। अकादमिक विद्वानों और लोगों के विविध समूहों के बीच संवाद केरल में जितना जुड़ाव भरा और रचनात्मक है, उतना देश के किसी और राज्य में नहीं। पिछले तीस वर्षों में मैंने कम से कम दो दर्जन बार केरल का दौरा किया है, और हर बार विभिन्न मुद्दों पर केंद्रित सार्वजनिक आयोजनों में मुझे वहां की सिविल सोसाइटी की शक्ति और गतिशीलता का एहसास हुआ। आखिरी बार मैं वहां पिछले महीने जनकीय समर समिति के आमंत्रण पर गया था। यह राज्य के दक्षिणी हिस्से के मछुआरों के हितों का संगठन है। यह समिति पिछले कई साल से विझिंजाम में निर्माणाधीन एक विशाल बंदरगाह का विरोध कर रही है।

राज्य सरकार का दावा है कि यह बंदरगाह 'भारत का सिंगापुर' साबित होगी, जिससे राज्य में समृद्धि आएगी। स्थानीय लोगों को अलबत्ता सरकार के इस दावे पर भरोसा नहीं है, और इसे वे विनाशकारी विकास के तौर पर देखते हैं। इस बंदरगाह परियोजना को विस्तार से समझने के लिए समिति ने विद्वानों के एक समूह का गठन किया, ताकि इसके असर का अध्ययन किया जा सके। पारिस्थितिकीविदों, भू-विज्ञानियों, पर्यावरण विज्ञानियों, समाज विज्ञानियों और अर्थशास्त्रियों के साझा अध्ययन और विमर्श से यह रिपोर्ट अंतर अनुशासनीय शोध का अनुपम उदाहरण बन पड़ी है। इसमें बंदरगाह निर्माण से पूर्व के और बंदरगाह निर्माण के दौरान की तस्वीरें तो दी ही गई हैं, इसमें उस क्षेत्र के सभी पहलुओं का वैज्ञानिक अध्ययन भी किया गया है। अद्यतन फील्ड रिसर्च, इंटरव्यू, सर्वे और जन संवाद के जरिये इस विश्लेषण को और भी समृद्ध किया गया है।

इस रिपोर्ट का शीर्षक है: आवर बीचेस, आवर सी: हेरिटेज ऑफ फिशिंग कम्युनिटीज, युजुफ्रक्ट ऑफ ऑल सिटिजन्स: पैक्ट ऑफ द विझिंजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट ऑन द बीचेस, कोस्टल सी, बायोडाइवर्सिटी ऐंड द लिवलीहुड्स ऑफ द फिशिंग कम्युनिटीज इन तिरुवनंतपुरम डिस्ट्रिक्ट। इस देश के कुछ ही विश्वविद्यालय इतने परिश्रमपूर्वक इतनी समृद्ध रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम हैं, सरकारी विभागों से तो खैर इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस रिपोर्ट से जुड़े आंकड़े और विश्लेषण विस्तार से बताते हैं कि विझिंजाम बंदरगाह केरल के लोगों का लाभ की तुलना में नुकसान अधिक करेगा। बंदरगाह के निर्माण का काम शुरू होने से पहले विझिंजाम केरल में मछुआरों का सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण गांव था। इस गांव में मछुआरों के करीब 4,500 परिवार रहते थे और हजारों नावें थीं। मानसून के दौरान यह दूसरे गांवों के मछुआरों के लिए सुरक्षित बंदरगाह था। लेकिन, रिपोर्ट खुलासा करती है कि विझिंजाम अंतरराष्ट्रीय सी-पोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) के प्रमोटरों ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी पाने के लिए किस तरह जानकारियों में हेरफेर किया और उन्हें गलत ढंग से प्रस्तुत भी किया। कंपनी की पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट ने जैव विविधता पर परियोजना के प्रभाव, मछुआरों की आजीविका के नुकसान, पर्यटन पर पड़ने वाले नकारात्मक असर और परियोजना की वजह से होने वाले समुद्र तट के क्षरण को कम कर के आंका और समुद्र तटों के सौंदर्य के मूल्य की पूरी तरह से उपेक्षा की, बंदरगाह के बनने के बाद जिस पर पूरी तरह से खत्म हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट बेहद सावधानी से यह बताती है कि प्रस्तावित परियोजना में, अदाणी समूह जिसका प्रमोटर है, चार श्रेणियों में गंभीर त्रुटियां हैं। अर्थशास्त्रीय ढंग से देखें, तो परियोजना में विलंब, लागत में बढ़ोतरी, भविष्य के लाभों को लेकर संशय दिखता है, वहीं, समाजशास्त्र के नजरिये से यह परियोजना मछुआरों के विस्थापन, अमीर और श्रमिक वर्ग के बीच अंतराल को बढ़ाने वाली साबित होगी। इसके अलावा, परियोजना से तटीय गांवों की महिलाओं पर बोझ बढ़ेगा, जिससे उन्हें जीवन यापन के लिए किसी दूसरी जगह जाकर घरेलू नौकर भी बनना पड़ सकता है। तटीय पारिस्थितिकी स्वाभाविक ही नाजुक होती है। ऐसे में, बड़ी परियोजनाएं बड़े नुकसान की वजह बन सकती हैं। चक्रवात जैसी अप्रत्याशित मौसमी घटनाओं का कहर भी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के अनुसार मछली पकड़ने, तटीय संरक्षण, पर्यटन, पानी की गुणवत्ता, संस्कृति व सौंदर्य के मूल्यों इत्यादि की हानि से पारिस्थितिकीय तंत्र से जुड़ी सेवाओं का प्रति वर्ष होने वाला नुकसान कुल मिलाकर रुपये 2,027 करोड़ का होना अनुमानित है। यह आंकड़ा केरल के लिए इस परियोजना को अव्यवहार्य बनाता है। दूसरी ओर इस परियोजना को लेकर राजनीतिक रवैया पूरी तरह से गैर- पारदर्शी और अलोकतांत्रिक रहा, जिसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार और केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाली और वामपंथी सरकारें इसके लिए जिम्मेदार रहीं।

रिपोर्ट से जाहिर होता है कि आर्थिक व्यवहार्यता, सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय स्थिरता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के नजरिये से भी अदाणी द्वारा प्रायोजित वीआईएसएल परियोजना केरल और भारत के नागरिकों के लिए नुकसानदेह है। इसके अलावा, पहले ही देश के 13 बंदरगाहों और आठ हवाई अड्डों को नियंत्रित कर रहे अदाणी समूह को, जो एक निजी फर्म है, भारत के भीतर और देश व शेष दुनिया के बीच मानवीय, वाणिज्यिक और वाहन यातायात के क्षेत्र में निर्णायक अधिकार देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी खतरनाक हो सकता है। रिपोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि इस परियोजना से जिन्हें नुकसान पहुंचेगा, वे तटीय क्षेत्रों में गहरी जड़े जमा चुके वे समुदाय हैं, जो पीढ़ियों से समुद्र के संरक्षक रहे हैं। यह रिपोर्ट केवल सरकार की आलोचना नहीं करती, बल्कि रचनात्मक सुझाव भी देती है। यह विकास के विरुद्ध नहीं है, बल्कि पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करने के पक्ष में एक सशक्त दलील भी है। यह रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध है और लोकतंत्र में भरोसा रखने वाले हर व्यक्ति को यह रिपोर्ट पढ़नी चाहिए, जो निजी कंपनियों और उन्हें समर्थन देने वाली राजनीतिक इकाइयों के दावों से सतर्क रहने के लिए जरूरी भी है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## निशाना

### है भारी संदेश !



– कृष्णेन्द्र राय

उड़ने लगे विमान।
शुरू हुई रफ़्तार।।
कायाकल्प हो रहा।
जारी भी प्रचार।।
हो रहा सब आधुनिक।
सज धज कर तैयार।।
शोर शराबा है चरम।
उसके कई प्रकार।।
है भारी संदेश।
क़दम जिधर बढ़ाया।।
मनोकामना पूर्ण हुई।
दिन है लौट आया।।
करते जो सवाल थे।
पड़े आज वो शांत।।
है माहौल ऐसा।
हो रहे एकांत।।

## आज का इतिहास

- 1757 - ब्रिटिश सैनिकों ने भारत के कलकत्ता शहर (अब कोलकाता) पर कब्जा किया।
- 1839 - फ्रांसिसी फोटोग्राफर लुई दागुएरे ने चांद की पहली फोटो प्रदर्शित की।
- 1878 - केरल के प्रसिद्ध समाज सुधारक मन्नत्तु पद्मनाभन का जन्म हुआ था।
- 1899 - रामकृष्ण के आदेश के बाद साधु कलकत्ता (अब कोलकाता) स्थित बेलूर मठ में रहने लगे।
- 1905 - हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक कथाकार और उपन्यासकार जैनेन्द्र कुमार का जन्म।
- 1940 - भारतीय अमरीकी गणितज्ञ एस. आर. श्रीनिवास वर्द्धन का जन्म हुआ था।
- 1950 - प्रसिद्ध महिला स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधारक डॉ. राधाबाई का निधन।
- 1989 - लोकप्रिय नाट्यकर्मी सफदर हाशमी को एक नाटक के दौरान असामाजिक तत्वों ने बड़ी बेहरमी से पीटा इसी कारण उनकी मौत 2 जनवरी को हो गई।
- 1942 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना ने फिलीपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
- 1954 - पद्म विभूषण पुरस्कार की स्थापना की गयी थी।
- 1954 - भारत रत्न पुरस्कार प्रारम्भ किया गया था।
- 1989 - रणसीघे प्रेमदास श्रीलंका के राष्ट्रपति बने थे।
- 1991 - तिरुअनंतपुरम हवाई अड्डा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया।
- 2004 - स्टारडस्ट अंतरिक्ष जांच ने धूमकेतु वाइल्ड 2 से उड़ान भरी और इसके कोमा से कण के नमूने एकत्र किए, जो बाद में पृथ्वी पर वापस आ गए थे।
- 2008 - पहली बार, तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी।
- 2011 - प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलीराम भगत का निधन।

# सीजन के सौदागर आते रहेंगे, समाधि की उस स्थिति से बचना है मुश्किल

**यशवंत व्यास**

साधारण चीजों को जटिल बना देना आम बात है, जटिल को सरल बना देना कला है। वाइल्ड ने ही कहा है, हमारे तमाम आधुनिक कैलेंडर हमारी जिंदगी की खूबसूरत सादगी को भंग कर देते हैं - यह याद दिलाकर कि हर दिन जो गुजरता है, वो किसी बेहद बेस्वाद वाकये की 'एनीवर्सरी' है। जब साल जाने लगता है तो आप अचानक या तो भावुक हो उठते हैं या चिंतित। अलबत्ता लोगों में यह बताने का चलन है कि इस साल में जो न हुआ आते साल में होना तय है। कुछ लोग भय और आशंकाओं के मैन्यू तैयार करते हैं गोया यही भविष्य के रेस्टोरेंट में मिलने वाला है। कई तो उसमें से चुनाव भी कर लेते हैं कि कौन सी कम तकलीफदेह 'डिश' ज्यादा मुफीद होगी। मजा यह है कि रेस्टोरेंट भी उन्हीं का, शेफ भी वही और ग्राहक भी वही। यह अपने आप में बड़ी मुसीबत है कि आप समाधि की इस स्थिति में पहुंच जाएं - जहां आप ही बनाएं, आप ही खाएं, आप ही बिल चुकाएं और आप ही बजट के घाटे पर अर्थशास्त्रियों को ज्ञान भी दें। मगर लोग हैं कि हर बार इसी मुसीबत को मुहब्बत कर बैठते हैं। इसका फायदा 'सीजन के सौदागर' उठाते हैं। यह साल ऐसे सौदागरों की चांदी का साल था। आप जानते हैं - सीजन के सौदागर का कोई एक धंधा नहीं होता। जिस मौसम में जिसकी मांग होती है, वही चीज खड़ी कर देते हैं। कंस के दिनों में कंस की, कृष्ण के दिनों में कृष्ण की। यहां तक कि स्कूलों के वार्षिक उत्सव के दिनों में फैंसी ड्रेसों के किराए का धंधा भी चला लेते हैं। अगर कलल होने लगें तो वे चाकू बेचना शुरू कर दें, शांति में मुनाफा ज्यादा हो तो कबूतर बेचने का बोर्ड लगा दें।

पिछले साल जाते-जाते हमने दो शब्दों पर बात की थी, जो उस साल के सबसे ज्यादा प्रतीकात्मक शब्द बन गए थे - 'रिज़ लाइटिंग' और मून लाइटिंग'। पहले का अर्थ था कि किसी को गलत न होते हुए भी उसे गलत होने का अहसास दिला देने की चालाकी, और दूसरे का अर्थ था - पूरी तनख्वाह एक जगह लेकर चुपचाप दूसरी जगह से भी कमाई पीट लेना। दोनों में बेईमानी और बेईमानी की स्वाभाविक नैतिक जरूरत पर पर्याप्त कागज रंगे गए थे। अब बात कुछ आगे बढ़ गई है। इस साल ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने साल का शब्द घोषित किया है - रिज़ (RIZZ)। ये करिश्मा (Charisma) या करिश्मा का संक्षिप्त रूप है। सूची में दूसरे नंबर पर आया है - प्रॉम्प्ट (Prompt)। इसका मतलब है एआई उर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्राम के निर्देश। तीसरा इन सबको बराबर कर देता है - सिचुएशनशिप (Situationship)। ये सिचुएशन (Situation) और रिलेशनशिप (Reletionship) का जोड़ है।



अहा! सीजन के सौदागर अति प्रसन्न हैं। यह परिस्थिति के अनुसार रिश्ते बना लेने का प्रतिज्ञाविहीन समय है जब आप अपने 'रिज़' का इस्तेमाल किसी लूट के लिए कर लें और 'एआई' को प्रॉम्प्ट दे दें कि चलो अब एक नया चमत्कारिक धोखा खड़ा करते हैं। वेबस्टर डिक्शनरी में इसीलिए इस साल दो दूसरे शब्द 'ऑथेन्टिक' (प्रामाणिक) और 'डीप फेक' टॉप पर हैं। जब सबसे ज्यादा 'डीप फेक' यानी असली लोगों के झूठे वीडियो बनने लगें तभी हमें प्रामाणिकता की प्यास भी उतनी ही शिद्दत से सताने लगती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे हमारी चिंताएं बढ़ चली हैं और प्रामाणिकता की पवित्रता को हम ज्यादा समर्पित होते चले जा रहे हैं। सीजन के सौदागर हमेशा आपकी चिंता और आपकी प्यास दोनों को समझते आए हैं। तो इस साल क्या खास हुआ- ध्यान से देखिए इस साल कुछ ज्यादा ही खास हुआ। पहले सीजन के सौदागर मांग के हिसाब से दुकान का माल बदल दिया करते थे। कत्ल का सीजन तो चाकू और शांत सीजन तो कबूतर। अब वे एक ही दुकान में दो काउंटर बना कर दोनों एक साथ बेचने लगे हैं। और तो और, पड़ोस में ही एक 'बहस-बार' भी चलाते हैं जहां पहले दोनों काउंटर के दोनों के जियाले एक-दूसरे के खिलाफ बोलते हैं। इस तरह से एक सीजन में तीन सीजन की कमाई खड़ी होती है और निरपेक्षता का डिविडेंड अलग से मिल जाता है। इंस्टाग्राम-यूट्यूब इनकमिंग में सच और झूठ दोनों कमाते हैं। देखने वाला भी, दिखाने वाला भी! दोनों एक ही कंपनी के राजा चलाते हैं, इसलिए लाभ एक ही जेब में जाता है। तभी तो आतंकी संगठन भी अपने नाम में 'पीस', 'पॉपुलर' और 'सर्वजन' जैसे शब्द डालते हैं या भले लोग अपनी भलाई के विज्ञापन के लिए सोशल मीडिया मैनेजरों की फौज पर कुर्बान हुए जाते हैं। इसीलिए संदीप वांगा ने जब अपनी कुख्यात फिल्म एनीमल के खिलाफ टिप्पणियां पढ़ीं तो कहा, 'ये दस-पंद्रह जोकर हैं जो मेरे काम को मर्दवादी, स्त्रीद्वेषी कह रहे हैं। अरे, मेरे प्रोडक्शन हाउस का नाम ही देखिए - 'भद्रकाली' है।' तो, दरअसल, ये साल एनीमल का साल है। इसके बॉक्स ऑफिस से पता चलता है कि इन दिनों समाज का सीजन कौनसा है? बॉक्स ऑफिस नैतिकता नहीं जानता, वह नोट गिनता है। तितलियों के प्रेम में पड़कर उनके पीछे भागना एक बात है और उन्हें मारकर अपनी किताब के पन्नों में रख लेना दूसरी। मरी हुई तितलियां अपने रंगों से कभी नहीं खेलतीं, उनके कण जरूर जिंदगी के पन्नों पर चिपके पड़े रह जाते हैं। ये?कण अब खूब चमक रहे हैं।

एनीमल, अंततः उसी डर का विस्तार है जिसमें एक पागल, प्रेम के नाम पर दूसरे की पत्नी का पीछा करता है और पब्लिक इस अपराध में शामिल होकर तालियां बजाती हैं। खलनायक होते हुए भी जो नायक बना दिया गया था - वह आहिस्ता-आहिस्ता अपने औचित्य को सिद्ध करता हुआ डर के 'राहुल' से एनीमल के 'रणविजय' में तब्दील हो गया है। अब उसके पास कोई दबी-छुपी नैतिक सफाई या संकोच नहीं है। अर्जुन रेड्डी या कबीर सिंह से प्रेरित मर्दों की विकट परंपरा को संदीप वांगा ने जब एनीमल में लाने का ऐलान किया था तभी कह दिया था - मेरी अगली फिल्म और ज्यादा भयंकर होने वाली है। अब जबकि फिल्म कई करोड़ कूट चुकी है उनके अक्स में पूरे साल की मरी हुई तितली दिखाई देती है। टेरेंटिनो जैसे ख्यात फिल्मकारों के उदाहरण से हिंसा के अतिरेक को क्राफ्ट, टेक्नीक तथा सिनेमाई कला के नजरिए से देखने की राय दी जा रही है। जबकि यथार्थ का प्रस्तुतीकरण और विचार का प्रमोशन दो भिन्न चीजें हैं और एनीमल दूसरे हिस्से में अपना दावा दर्ज करती है। वह स्त्रियों से घृणा, धोखे को मूल्य और उद्देश्यहीन हिंसा के क्रम में लाशें बिछाने को मर्दानगी की निर्द्वंद्व स्वीकृति और मुहर देती है। शोभा डे, खुद एक विकट एलीट कही जाती रही हैं पर उनकी टिप्पणी है, एनीमल एक जानवर ने जानवरों के लिए बनाई है जो खुद जानवरों के नाम को बदनाम कर रहे हैं क्योंकि जानवर भी ऐसा नहीं करते। हमारे पाठकों को शायद इसी बहाने इस साल मर्दों की अल्फा, बीटा, ओमेगा, गामा, सिग्मा या डेल्टा मेल प्रजातियों का भी पता चला होगा। 'अल्फा मेल' को यूं समझिए जैसे भेड़ियों के झुंड में सबका 'दादा'। हर चीज अपने नियंत्रण में रखने वाला भेड़िया जो चाहे जिस मादा को चुन सकता है, चाहे जो अपने लिए ले सकता है, पहला हक उसी का है, उसके दायरे में कोई फटक नहीं सकता। लेकिन, उसकी शक्ति में झुंड की सुरक्षा शामिल है। वह लीडर है, वीर है, वह जो करता है, सही है। गामा झगड़े मोल नहीं लेता, ओमेगा समाज की परवाह नहीं करता, डेल्टा काम से काम रखता है, सिग्मा चतुर है और हर चीज हिसाब देखकर तय करता है। अल्फा मेल एक किस्म की स्वीकृति है और तू झूठी, मैं मक्कार के दौर में एक धुआंधार दावा है। यही वो चीज है जो हमें आईना दिखाती है कि हमने एनीमल को करोड़ों देकर नया शाहकार बनाया है। एक सीजन के सौदागर अनुराग कश्यप हैं। 'गैंग्स ऑफ वासेपुर वाले कश्यप ने धंधे की बड़ी सच्ची बात कह दी है। पहले उन्होंने कहा, फिल्म देखना भी वोट देने जैसा है - जो देखना चाहोगे, वैसा पाओगे। फिर उन्होंने एनीमल पर एक कल्याणकारी कार्य करने का बिल्ला चिपकाया। कहा, 'ऐसी फिल्में फैमिनिज्म (स्त्रीवाद) पर बहस खड़ी कर देती हैं। एनीमल से 'मिसोजिनी' (स्त्रियों से मर्द की घृणा) पर समाज में बहस तो खड़ी हुई - तो ये भी उसका एक बड़ा योगदान हुआ।' यही वक्तव्य वह चीज है जो साल की हर चीज को एक जगह लाकर खड़ा कर देती है। धंधे का धंधा और ज्ञान का ज्ञान। 'डीप फेक' भी चाहिए 'ऑथेन्टिसिटी' भी। 'रिज़' भी चाहिए और 'सिचुएशनशिप' भी। ऑस्कर वाइल्ड ने इतनी 'सादगी' की शायद ही कल्पना की हो। लेकिन, बावजूद इसके अगर हम जानते हैं कि जीवन का मूल्य क्या है तो हमें और जोरों से सरल और मूल्यवान होने की तलब लगती रहेगी। इस आलेख के साथ एक चित्रकार की कल्पना का अंश जा रहा है, जिसमें एक बिल्ली अपना आलस झाड़ रही है और एक तितली उसके पास निर्द्वंद्व भाव से उड़ रही है। तितली मारी नहीं जा रही, अंगड़ाई लेती बिल्ली से जैसे जीवन का रंग बांट रही है। मुझे आने वाले साल के लिए यह चित्र सर्वाधिक उपयुक्त जान पड़ा।

फोमो (FOMO-फियर ऑफ मिसिंग) की बजाय जोमो (JOMO-जॉय ऑफ मिसिंग) की तरफ चलें। छूटने का दुख की बजाय, अच्छा हुआ जो वह छूटा - के आनंद की तरफ जाएं तो शायद हम अगले साल का असली 'रिज़' पा सकेंगे। वर्ना, सीजन के सौदागर तो आते रहेंगे।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## नवागत कलेक्टर ने संभाला पद, अफसरों ने किया स्वागत



**नर्मदापुरम।** आईएएस सुश्री सोनिया मीना ने सोमवार 1 जनवरी को नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया। राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार वर्ष 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सुश्री सोनिया मीना को नर्मदपुरम जिले का कलेक्टर बनाया गया है। सुश्री मीना इससे पूर्व संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं, मध्यप्रदेश भोपाल तथा प्रबंध संचालक, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश, रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषदके पद पर पदस्थ थी। आईएएस सुश्री मीना कलेक्टर अनूपपुर के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुकीं हैं। नवागत कलेक्टर सुश्री मीना के पदभार ग्रहण के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवागत कलेक्टर सुश्री मीना का स्वागत किया।

# शासन की प्रमुख योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें: कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नवागत कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सोमवार को पदभार ग्रहण करने के पश्चात जिले के प्रमुख समसामयिक विषयों , विकसित भारत संकल्प यात्रा, उपार्जन सहित अनेक शासन की प्रमुख योजनाओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्रमुख योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें । उन्होंने उपार्जन संबंधी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में धान उपार्जन सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराएं। विभागीय अधिकारी के साथ फील्ड का अमला लगातार खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करें। खरीदी में किसानों को कोई सुविधा न हो उसका विशेष ध्यान रखें। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पूरी संवेदनशीलता से समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने रबी सिंचाई के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना को निर्देशित किया कि नेहरो से सिंचाई सुचारू रूप से की जाए। मौके



पर रहकर सिंचाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने विद्युत व्यवस्था के संबंध में अधीक्षण यंत्री एमपीईबी को खराब हुए ट्रांसफार्मर समय सीमा में बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वोल्टिंग संबंधी समस्या का भी त्वरित निराकरण कराएं। उन्होंने एमपीईबी सहित अन्य विभागों को स्वीकृत प्रोजेक्ट्स को शीघ्र धरातल पर उतरने के निर्देश दिए। उन्होंने उन्होंने किसानों को खाद बीज एवं दवाइयां की निर्वात आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर सुश्री मीना ने ट्रक ड्राइवर की हड़ताल के संबंध में भी पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ गुरकरन सिंह, जिला पंचायत सीईओ ,एसडीएम, डीएसओ, आरटीओ सहित अन्य अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति निर्मित ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के संबंध में भी जिला परिवहन अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवागत कलेक्टर सोनिया मीना ने की नर्मदा की पूजा अर्चना



**नर्मदापुरम।** नवागत कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले के पावन सेठानी घाट पर पुण्य सलिला मां नर्मदा की वंदना कर आशीर्वाद लिया। सुश्री मीना द्वारा विधिवत रूप से मां नर्मदा की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख देवशंकर धुर्वे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम पार्किंग स्थल नगरपालिका कार्यालय के पीछे आयोजित किया

# विकसित भारत संकल्प यात्रा हितग्राहियों को मिल रहा शासन की योजनाओं का लाभ







**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम पार्किंग स्थल नगरपालिका कार्यालय के पीछे आयोजित किया गया। जिसमे शासन की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लक्षित एवं पात्र हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से लाभांवित किया गया। विधायक प्रेम शंकर वर्मा,नपा अध्यक्ष रितेश जैन,सीएमओ शीतल भलावी,नपा उपाध्यक्ष स्वाति शैलेंद्र गौर,पार्षद गण की उपस्थिति में आई.ई.सी.वेन का स्वागत,सांस्कृतिक कार्यक्रम,सम्मान समारोह आदि विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित कराई गई जिसमे वेन का गांधी चौक पर आगमन,स्वागत एवं कलश यात्रा,दीप प्रज्जवलन एवं कन्या पूजन कर शिविरों का शुभारंभ किया।

बही प्रधानमंत्री का संदेश वाचन एवं संकल्प वीडियों,विकसित भारत की वीडियों एवं फिल्म का प्रदर्शन,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेरी कहानी मेरी जुबानी के अन्तर्गत हितग्राहियों का अनुभव साझा किया। जिसमे जीवा ज्योति स्कूल,आदिवासी बालक छात्रावास,कन्या शाला स्कूल द्वारा नाटकीय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

विधायक प्रेम शंकर वर्मा,नपा अध्यक्ष रितेश जैन,मुख्य लिपिक संजय गोयल,नपा उपाध्यक्ष स्वाति शैलेंद्र गौर,अखिलेश खेमचंद चौकसे, सरिता प्रदीप अग्रवाल,प्रशांत यादव, गीता बाई तुलसीराम कुशवाहा,ईश्वर दास जमीदार,किरण शिव राठौर दीपक वाथव, प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य संतोष पारीक, दिशा समिति सदस्य रघुवीर सिंह राजपूत, वरिष्ठ नेता योगेंद्र सिंह मंडलोई,शंभू सिंह भाटी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा,उपयंत्री राहुल शर्मा चंद्रकांत कंवर, स्वच्छता निरीक्षक डॉक्टर प्रशांत कुमार शर्मा,राजस्व उप निरीक्षक अमर सिंह उइके,संतोष चौहान, सचिन मलैया, शीला धन्यासे, जितेंद्र राठौर एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। नपा अध्यक्ष रितेश जैन ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शासन से संबंधित योजनाओं का लाभ वितरण किया गया क्योंकि प्रधानमंत्री मनसा अनुसार अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति को इसका लाभ पहुंचाया जा सके इसी को लेकर सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

### पी.एम. स्वनिधि योजना के अंतर्गत संगीता लौवंशी, स्वसहायता समूह का सहायता

पी.एम. स्वनिधि योजना के अंतर्गत संगीता लौवंशी, स्वसहायता समूह पार्वती बाई टीना साहू , प्रधानमंत्री आवास योजना फैजल शिरीन कुरैशी,आयुष्मान भारत योजना रामअवतार का लाभान्वित किया गया वही महिला बाल विकास प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अन्तर्गत - अंजली पति मनीष साध का सम्मान समारोह एवं क्वीज प्रतियोगिता एवं हितग्राही लाभ वितरण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से नगरीय क्षेत्र में शासन से संबंधित योजनाएं जैसे 1 प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2 पीएम विश्वकर्मा योजना 3 पीएम उज्जवला योजना 4 पीएम मुद्र लोन योजना 5 स्टार्टअप इंडिया स्टैंड अप इंडिया 6 पीएम आयुष्मान भारत योजना 7 पीएम आवास योजना 8 स्वच्छ भारत मिशन 9 पीएम उज्ज्वला योजना 10 अमृत योजना 11 पीएम जन औषधि योजना 12 सौभाग्य योजना 13 डिजिटल भुगतान14 खेलो इंडिया 15 आरसीएस उड़ान 16 वंदे भारत ट्रेन और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व विभिन्न योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किए गए।

# सांची विश्वविद्यालय के नए भवन का कुलपति ने किया लोकार्पण

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय अपने नवनिर्मित भवन में शिफ्ट हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ व कुलसचिव प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय के इस भवन में फीता काटकर वैदिक व बौद्ध पूजा पद्धतियों के साथ प्रवेश किया। 120 एकड़ में फैले कैंपस के एक हिस्से में सबसे पहले तैयार हुए मैत्रेयी कन्या छात्रावास में विश्वविद्यालय को मिल जाएगा।

इसी परिसर में खेल मैदान व अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए रिहायशी इमारतें भी निर्मित होंगी। सलामतपुर परिसर में सांची विश्वविद्यालय के भवनों का निर्माण मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के द्वारा किया जा रहा है। सांची स्थित एमपीटी गेटवे रिट्रीट के पीछे स्थित भवन में विश्वविद्यालय पिछले दो वर्षों व इससे पूर्व सात वर्षों तक बारला स्थित परिसर से



विश्वविद्यालय के अकादमिक व प्रशासनिक कार्यालय को शिफ्ट कर दिया गया। कक्षाएं भी तत्काल इसी इमारत में जाएंगी। फिलहाल लाइब्रेरी व परीक्षा शाखाएं भी इसी इमारत में शिफ्ट की गई हैं। कुलपति प्रो. लाभ ने मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव व संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को नव निर्मित भवन सांची विश्वविद्यालय को दिए जाने का धन्यवाद ज्ञापित किया। सलामतपुर-सांची स्थित इस परिसर में गर्ल्स हॉस्टल, ब्वॉयज़ हॉस्टल, लाइब्रेरी, अकादमिक बिल्डिंग व एडमिन बिल्डिंग तैयार हो रही हैं। ऐसी आशा की जा रही है कि आने वाले 6 महीनों में बाकी इमारतों का हैंडओवर भी सांची संचालित हो रहा था। भवन के उद्घाटन के बाद कुलपति प्रो. लाभ व कुलसचिव प्रो. चतुर्वेदी ने सभी छात्रों, शिक्षकों व अधिकारियों-कर्मचारियों को नव निर्मित भवन में शिफ्ट होने पर बधाई के साथ-साथ नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. लाभ का कहना था कि नए परिसर में विश्वविद्यालय अपनी पूर्ण व्यापकता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आगामी अकादमिक सत्र से कई नए पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करेगा। सांची, रायसेन, विदिशा, भोपाल के छात्र शासकीय दरों पर काफी कम खर्च में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम का लाभ उठा सकेंगे।

## पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर, आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी सभी जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है । पेंशनर द्वारा गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है।पेंशन निदेशालय द्वारा कभी भी किसी पेंशनर का जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल नहीं किया जाता है और न ही ऑनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट किया जाता है।

## पूजित अक्षत देकर घर-घर अयोध्या का आमंत्रण



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह अवसर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक हिंदू घर घर संपर्क अभियान आज से नगर के चारो वास्तियो एवं 15 मंडलों में प्रारंभ हुआ। उक्त जानकारी देते हुए अभियान के सिवनी मालवा प्रखंड संयोजक सतीष बकोरिया ने बताया कि अयोध्या में भगवान की जन्मभूमि पर हो रहे 22 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पूजित अक्षत घर घर संपर्क अभियान आज सिवनी मालवा प्रखंड के 15 मंडलों 120 ग्रामों नगर की 4 वस्तियों के 24 मोहल्ला में अभियान का शुभारंभ कर संपर्क अभियान प्रारंभ कर 22 जनवरी को नगर मौहल्ला वस्ती घर घर भव्य एवं दिव्य अयोध्या बनाने का आव्हान किया जा रहा हे। नगर की वीर शिवाजी वस्ती के कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री एवं अभियान के विभाग संयोजक शिव राठौर द्वारा बानापुरा के स्थानीय नरसिंह मंदिर में पूजा अर्चना हनुमान चालीसा पाठ कर किया गया। वस्ती के रामभक्तो ने एकत्रित होकर टोली रामधुन महामंत्र का गान कर घर घर में पूजित अक्षत पत्रक स्टीकर लगाकर राम जी का चित्र देकर 22 जनवरी को अपने घरों को सजाने पास के शक्ति केंद्र मंदिरों को भव्य दिव्य अयोध्या बनाने का आव्हान किया गया। वीर शिवाजी वस्ती के पूजित अक्षत संपर्क अभियान प्रमुख रूप से अभियान विभाग संयोजक शिव राठौर प्रखंड संयोजक सतीष बकोरिया सह संयोजक गयाप्रसाद यादव वस्ती संयोजक सनुप सिंह यदुवंशी सह संयोजक विवेक ताम्रकार भविष्य यदुवंशी दीपक सोनी रामबाबू रघुवंशी संजय ताम्रकार प्रतीक कोठरी अभिषेक ताम्रकार बसंत सराठे आकाश साहू राजेश थापक दीपक ताम्रकार आशीष ताम्रकार रितेश राम ताम्रकार शिखा ताम्रकार प्रीति रघुवंशी उषा चंद्रवंशी के साथ ही बड़ी संख्या में रामभक्त मातृशक्ति बहने आदि ने संपर्क अभियान चलाकर घर घर दिया जा रहा है आमंत्रण।

**मेट्रो एंकर**

### जिले भर के 217 प्राचार्य तथा 337 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया

# छात्रों का समग्र कौशल बढ़ाने उमंग कार्यक्रम अंतर्गत प्राचार्य एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**



उमंग स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर के 217 प्राचार्य तथा 337 शिक्षको को प्रशिक्षित किया गया। प्राचार्य को 06 बेच में तथा शिक्षकों को 8 बेच में प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग , शिक्षा विभाग तथा यूएनएफपीए द्वारा संयुक्त रूप से कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के किशोर-किशोरियों के सत्र आयोजित किये गये। हेल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेसेडर (आरोग्य दूत) के द्वारा संपूर्ण जिले के हाईस्कूल, हॉयर सेकेण्डरी स्कूल के समस्त प्राचार्य एवं शिक्षकों को आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष सत्रों का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्र-छात्राओ अर्थात किशोरावस्था जीवन का व्यवहारिक ज्ञान व कौशल के साथ आज के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को इंटरनेट और कौशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना (साईबर तनाव प्रबंधन, प्रभावी संवाद, जेंडर अपराधों से सुरक्षा) स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, संवेदीकरण, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा, प्रजनन, स्वास्थ्य, हिंसा से बचाव, विषय, शिक्षक, और विद्यार्थी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। साथ ही शिक्षक व विद्यार्थी इस कार्यक्रम हैं से जुडकर विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकेंगे कारण हमें एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना उमंग प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है।इस अवसर पर श्री डॉ. डेहरिया प्रशिक्षु प्राचार्य तथा शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

उमंग स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती लक्ष्मी उपाध्याय, नरेन्द्र नामदेव, श्रीमती आकृति मिश्रा एवं राजकुमार मांझी, स्टेट मास्टर ट्रेनर्स भानू ठाकुर तथा नीलेश सिंधे द्वारा यह प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर तथा डीपीसी श्री आर.आर. उईके,डीपीएम डॉ.दीपक डेहरिया,आरबीएसके जिला प्रबंधक सुश्री दीनू शर्मा ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्राचार्य एवं शिक्षकों को रिजल्ट को सुधारने के लिए पूरे मन और लगन से बच्चों को अध्यापन कराने की अपील की।



# हिट रन कानून के विरोध में बस, ट्रक के थमे पहिए, ड्राइवर हड़ताल पर

## यात्रियों की बड़ी मुश्किल है, स्थानीय ट्रक मलिक का ट्रक दौड़ते हुए नजर आया, एसडीएम को दिया ज्ञापन





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सरकार के द्वारा ड्राइवर के लिए नया कानून पारित करके उसमें सजा और भारी भरमक जुर्माना के साथ दुर्घटना के बाद घायल को अस्पताल नहीं पहुंचने पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान लाभ किया है। जो 1 जनवरी से देश में लागू हो गया इसके विरोध में ट्रक बस तथा छोटे वाहन चलाने वालों चालको ने अपनी हड़ताल प्रारंभ कर दी प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को चालक परिचालक संघ के द्वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर देकर इस कानून को वापस लेने की मांग भी की गई है। सोमवार को सुबह से ही अधिकांश ड्राइवर ने इस कानून के विरोध में वाहन चलाने से मना कर दिया इस वजह से बस स्टैंड पर सभी यात्री बस से खड़ी रही उनके पहिए थाम जाने से यात्रीगण भी परेशान हुए साथ ही ट्रक और कई ऑटो चालकों ने भी अपने वाहनों को बस स्टैंड पर खड़ा करके हड़ताल प्रारंभ कर दी इस वजह से अन्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं जल्दी हड़ताल खत्म नहीं हुई तो हालात और भी ज्यादा बिगड़ सकते हैं बाहर से खाद्य सामग्री से लेकर अन्य सामान नहीं आएगा तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। बस स्टैंड पर चालक परिचालक ने एकत्रित होकर सरकार के द्वारा लागू किए गए काले कानून का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक सरकार काले कानून को वापस नहीं लेगी तब तक हम ड्राइवर की हड़ताल जारी रहेगी क्योंकि यह कानून हम गरीबों के पेट पर लात मारने के लिए बनाया गया है। यदि यह कानून वापस नहीं होता है तो हम लोग वहां नहीं चला पाएंगे इसमें इतने कड़े प्रावधान किए गए हैं जिनका पालन होना मुश्किल है। घटना दुर्घटना होने पर 10 साल की सजा तथा भारी भरमक जुर्माना व सजा का प्रावधान किया गया है दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने का नियम भी लागू किया गया है। कई बार दुर्घटनाएं होती हैं तो इसके बाद मौके पर हम लोग यदि रुकते हैं तो पब्लिक हमें जान से मरने को उतारू हो जाती है भाग कर ही जान बचाने पड़ती है रुक गए तो हमारी जान बचाना मुश्किल है। इस कानून में यदि हम लोग दुर्घटना के बाद भागते हैं तो हम पर कड़ी कार्रवाई होगी इस वजह से हम इस कानून का पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं जब तक सरकार इस कानून को वापस मिलेगी हम वाहनों को नहीं चलाएंगे इस कारण से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई। यात्री हैरान परेशान होते हुए नजर आए जो लोग बाहर गए थे और जिनको बाहर जाना था या फिर किसी कारण से यहां पर आए थे उनको अपने घर वापस जाना था वह भी हड़ताल के कारण रुक गए इस वजह से उनकी भी परेशानी बढ़ गई है।

### स्थानीय ट्रांसपोर्टर का ट्रक हड़ताल के बीच दौड़ रहा था

जहां ट्रक ड्राइवर ने सरकार के द्वारा लागू किए गए नवीन कानून के विरोध में हड़ताल करके वाहनों को चलाने से मना कर दिया। इसी बीच सोमवार को दोपहर में स्थानीय ट्रांसपोर्ट एक ट्रक सड़क पर हड़ताल के बीच दौड़ता हुआ नया इस बात से ट्रक ड्राइवर की यूनियन की भी पोल भी खुल रही है। जिसको देखते हुए ऐसा लगता है कि अभी सभी ड्राइवर में एकता नहीं हुई हैं कुछ ड्राइवर को हड़ताल से कोई लेना नहीं जबकि इस ट्रक में माल भर कर दौलने का विरोध कुछ ट्रक चालकों ने किया उन्होंने बताया कि जब हम अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए दूसरी ओर शहर के ट्रक चालक के द्वारा इस तरह से ट्रक को चलवा कर हमारा विरोध किया जा रहा है।

### पेट्रोल पंप पर लगी कतार

हड़ताल की वजह से लोगों में हड़कंप मच गया और लोगों को पेट्रोल डीजल नहीं मिलने की खबर लगते ही डीजल पेट्रोल लेने के लिए पेट्रोल पंपों पर मेल सा लग गया कुछ पेट्रोल पंप पेट्रोल देने से मना कर दिया दूसरी ओर कुछ ऐसे पेट्रोल पंप भी थे जहां पर कभी कभार ही ग्राहक पेट्रोल लेने जाते थे। वहां भी ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी लोगों को डर सता रहा है कि लंबे समय तक हड़ताल चल गई तो हम लोग को पेट्रोल और डीजल नहीं मिलेगा इस वजह से लोग स्टॉक करके घरों पर रखना है रहा है। गाड़ियों में भी पेट्रोल भरवाने के लिए पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी।

## अज्ञात कारणों से दो की मौत, नए साल में दो मर्ग के प्रकरण हुए कायम

**सिरोंज।** अंग्रेजी नव वर्ष की शुरुआत अच्छी नजर नहीं आ रही है। पहले दिन विभिन्न कारणों से दो व्यक्तियों की जान चली गई इसके बाद पुलिस में मर्ग काम करके दोनों मामलों की विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने बताया कि राव जी पथ निवासी अब्दुल रहमान



उर्फ पप्पू उम्र 45 साल निवासी मजदूरी से पानी देने के लिए गए हुए थे वहां पर उनकी लाश मिली है पुलिस में मर्ग कायम करके मामले को जांच में लिया है, पीएम करा कर शब परिजनों को सौंप दिया पुलिस ने बताया कि मजदूरी से खेत में पानी देने के दौरान मृत्यु हुई है करणों का पता नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली का करंट लगने से मृत्यु है। सच्चाई तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगी दूसरी ओर नई बस्ती में जुगल किशोर उम्र 40 साल की भी मृत्यु हो गई है। सीने में दर्द होने के बाद इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद मृत्यु घोषित कर दिया पीएम के बाद लास परिजनों को सौंप दी। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में मर्ग कायम करके जांच प्रारंभ कर दी।

## चार पहिया वाहन चालक ने स्कूटी चालक को मारी टक्कर

**सिरोंज।** सोमवार को तहसील कार्यालय के पास में इलेक्ट्रिकल स्कूटी से जा रहा है। अब्दुल करीम की स्कूटी को चार पहिया वाहन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जीप क्रमांक एमपी 40 सीए 9160 के वाहन चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज करके विवेचना प्रारंभ कर दी वाहन चालक की खोजबीन की जा रही है।

## विदिशा जिले के चार शहर जुआ सट्टा, चोरों की गिरफ्त में, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

हर एक आम आदमी, हर एक जन मानस,हर जाति समुदाय, हर एक महिला पुरूष, हर एक युवक युवती सभी के सभी चाहते है कि हम जहां भी जिस शहर में रहते है वहां का वातावरण, वहां की आव हवा स्वच्छ साफ सुथरी हो। पर कुछ लोग अवैधानिक कार्य कर, शांत प्रिय, स्वच्छ वातावरण को दूषित करने में कोई कसर वाकी नहीं छोड़ रहे है।



समाज व कानूनी विरोधी कहे जाने वाला सट्टा, जुआ विदिशा जिला के गंजबासौदा, सिरोंज, शमशाबाद, कुरवाई सहित अन्य जगहों पर विना किसी डर भय के जारी है। वहीं चोर भी वेखौफ होकर चोरियों को अंजाम दे रहे है। जिसके परिणाम स्वरूप पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया ऊंगली उठने लगी है। संवैधानिक नागरिकों का कहना है कि जुआ सट्टा के चलते सैकड़ों लोगों के घर तवाह हो चुके है और सैकड़ो तवाह होने की कगार पर है। इस सट्टा जुआ सेक्स रेकेट के चलते, शहर की छवि तो धूमिल हो ही रही है। इधर वरिष्ठ समाजवादी नेता कमलसिंह रघुबंशी का कहना है कि इन संचालित अवैध कार्यो का सीधा सीधा असर युवा पीढ़ी सहित महिलाओं पर पड़ रहा है। सट्टा व जुआ खिलाड़ियों की आदतन के चलते घर घर में लड़ाई, झगड़ा होना आम बात हो गई है। शहर के नेतागणों के साथ पुलिस भी चुप्पी साधे हुए है।कई गांवों में लकड़ी जुआं, तो कहीं सट्टा, तो कहीं अवैध शराब ,गांजा, व्राउन शुगर की विक्री (तस्करी) तो कहीं सेक्स रेकेट, देह व्यापार का कारोबार, तो कहीं चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। तो कहीं खाद्य सामाग्री में मिलावट का धंधा दिनो दिन जोर पकड़ता जा रहा है। अवैध कॉलोनियों का निर्माण किसी से छिपा नहीं है। गांजा,व्राउन शुगर ने युवा पीढ़ी को नशा का आदतन बना रखा है। जिसके चलते युवा पीढ़ा का आगामी जीवन अंधकारमय होता दिखाई दे रहा है।

## घने कोहरे और कड़ाके की सर्दी से हुई नए साल की शुरुआत, जगह-जगह हुई पार्टियां



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अंग्रेजी नव वर्ष का शुरुआत कंपकंपा देने वाली ठंड तथा कोहरे से फिर भी नए साल का जस मानने वालों का जोश उच्च लेवल पर था। रात्रि 12 बजे आतिशबाजी करके अंग्रेजी साल का स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर मंदिरों में दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ लगी रही इस उपलक्ष में पार्टियों भी आयोजित हुई। वहीं सोमवार को नगर में सन्नाटा छाया रहा क्योंकि सुबह की शुरुआत घने कोहरे शरीर को हिला देने वाली सर्दी से हुई इसके बाद लोगों ने धार्मिक सामाजिक व अन्य स्थानों पर पहुंचकर नए साल का जस मनाया विभिन्न स्थानों पर पार्टी भी हुई इसकी वजह से बाजार में अधिकांश दुकानें बंद थी पुलिस प्रशासन में सुरक्षा को लेकर सतर्क दिखाई दे रहा था जगह-जगह पुलिसकर्मी घूमते हुए नजर आए।

## लापरवाही बरतने पर दस एएनएम निलंबित

**विदिशा।** शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने वाली दस एएनएम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी के द्वारा जारी किए गए है। जिन एएनएम को निलंबित किया गया है उनमें लटेरी विकासखण्ड की श्रीमती रूबीना खॉन और उर्मिला वर्मा , सिरोंज विकासखण्ड की रामवती मल्हौत्रा, संध्या पासवान, नटेरन विकासखण्ड की श्रीमती राम सहेली अहिरवार और विशाखा देवी विश्वकर्मा, कुरवाई की सरोज श्रीवास्तव, विदिशा की मुन्नी सोनी और प्रतिभा चौबे तथा बासौदा विकासखण्ड की श्रीमती किरण शर्मा शामिल है।

## सहरिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने सौजन्य भेंट की



**विदिशा** । कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव से आज उनके चेम्बर में अखिल भारतीय सहरिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री फूल सिंह सहरिया सहित सामाजिक अन्य बंधुओं ने सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर श्री भार्गव ने आश्वस्त कराते हुए कहा कि जिले में सहरिया समाज के पुर्नत्थान में कोई कोर कसर नही छोडी जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत संपादित किए जा रहे कार्यो के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जिले से संबंधित जो सुझाव दिए जाऐगे उनका भी क्रियान्वयन अभियान अवधि के दौरान किया जाएगा।


### कार्यालय अस्टिंड रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं एवं नर्मदापुरम संभाग डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय भोपाल

**वाहन किराए पर लिये जाने हेतु निविदा सूचना**

कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं भोपाल में कार्यालयीन उपयोग हेतु दिसंबर 2022 अथवा उसके बाद का निम्न वाहन आवश्यकतानुसार किराए पर लिया जाना है। इस कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | डिजायर या समकक्ष वाहन किराए पर लेने के संबंध में। | 01 | रू. 500/- नॉन रिफंडेबल | निरंक |

निविदा प्रापत्र एवं शर्तों का विवरण इत्यादि कार्यालय असि. रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं भोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल पर उपस्थित होकर दिनांक 08.01.2024 तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं से प्राप्त आफर दिनांक 09.01.2024 अपरान्ह 12.00 बजे खोला जावेगा। निविदा का संभाग भोपाल को निहित है। निविदा शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा।

**असि. रजिस्ट्रार**
**फर्म्स एवं संस्थाएं**
**भोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल**

G- 22433/23


**मेट्रो एंकर** — कलेक्टर ने की लंबित आवेदनों की समीक्षा

## गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कार्य में कोताही बरतने वाली एएनएम के खिलाफ कार्यवाही

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। कलेक्टेउट के बेतवा सभागार में आयोजित उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागो के जिला अधिकारी मौजूद रहें वहीं समस्त एसडीएम व खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

कलेक्टर श्री भार्गव ने गर्भवती महिलाओं की चार जांच व पंजीयन कार्यो की समीक्षा में कोताही बरतने वाली दस महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) को निलंबित करने के निर्देश दिए गए थे के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारियां प्राप्त की है।

कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले विषयों में विभागीय अधिकारी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते। यदि कहीं कोई त्रुटि हो जाती है तो अविलम्ब जानकारी में लाएं। उन्होंने गुना जिले में हुई दुर्घटना को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिले में कहीं भी किसी भी प्रकार की घटना घटित होती है



तो अविलम्ब राहत संबंधी कार्यवाही मौके पर कराया जाना सुनिश्चित हो ताकि किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न ना हो सकें।

कलेक्टर श्री भार्गव ने बैठक के दौरान समस्त एसडीएमों को निर्देश दिए है कि शासकीय विभागो को जमीन आवंटन के मामले शीघ्रतिशीघ्र निराकृत किए जाएं ताकि अनावश्यक रूप से अतिक्रमण को परोक्ष रूप से रोका जा सकें। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यो के लिए विभिन्न मदो के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई गई है। उस राशि का उपयोगिता निर्माण पत्र शीघ्र ही संबंधित विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ततसंबंध में उन्होंने खनिज विभाग के माध्यम से जिले के शासकीय स्कूलों में शौचालयों के निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई राशि के संबंध में डीपीसी को निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि जिले में शासकीय भवनो के निर्माण दौरान बाथरूम और लेट्रिग के निर्माण कार्यो में केवल लार्ल इंट का ही उपयोग किया जाए। उन्होंने सफेद ईंट का उपयोग कदापि नहीं करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री भार्गव ने चिन्हित जिले के बांधो में पेयजल आपूर्ति हेतु संधारित किए जाने वाले जल के संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है जिसमें हलाली व सगड़ बांध शामिल है। उन्होंने कहा कि हलाली बांध से विदिशा एवं रायसेन को एवं सगड़ बांध से कुरवाई नगर परिषद को जल की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने कुरवाई क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के संबंध में किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न ना हो के निर्देश कुरवाई एसडीएम को दिए है।

बैठक में बताया गया कि टीएल बैठक में सम्मिलित आवेदनों की जानकारियां व निराकरण संबंधी प्रक्रिया अब नवीन पोर्टल जन आकांक्षा पर दर्ज की जाएगी। पूर्व में उक्त कार्य उत्तरा पोर्टल पर अंकित किया जाता था। नवीन पोर्टल जन आकांक्षा के संबंध में एनआईसी के डीआईओ द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।




# केपटाउन में एक भी टेस्ट नहीं जीत सका भारत, यहीं सीरीज का दूसरा मैच 3 जनवरी से होगा

## साउथ अफ्रीका ने 41.7 फीसदी मुकाबले जीते

**केप टाउन, एजेंसी**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी 2024 से केप टाउन में खेला जाएगा। केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर भारत ने 6 टेस्ट खेले और एक में भी टीम को जीत नहीं मिली। जबकि साउथ अफ्रीका ने इस ग्राउंड पर 24 मैच खेले और उन्हें 45.8 फीसदी यानी 10 मुकाबलों में जीत मिली। न्यूलैंड्स स्टेडियम में सबसे सफल विदेशी टीम ऑस्ट्रेलिया है, टीम ने यहां 71 फीसदी टेस्ट जीते। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को भी इस मैदान पर सफलता मिल चुकी है लेकिन एशिया की कोई भी टीम यहां एक भी मैच नहीं जीत सकी। अब एशिया की टॉप टीम भारत केप टाउन में ही 3 जनवरी से टेस्ट सीरीज बचाने के लिए साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी। टीम 2 टेस्ट की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है।

### बुमराह न्यूलैंड्स में 10 विकेट ले चुके


न्यूलैंड्स का मैदान तेज गेंदबाजों के लिए मददगार रहा है, बावजूद इसके 3 ही इंडियन बॉलर्स यहां 10 से ज्यादा विकेट ले सके। मौजूदा स्क्वॉड में शामिल जसप्रीत बुमराह ने यहां 2 ही टेस्ट में 10 विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछले दौरे पर इसी मैदान पर पारी में 5 विकेट भी लिए थे।



### ■ साउथ अफ्रीका केप टाउन के ग्राउंड पर किसी एशियन टीम से नहीं हारा

साउथ अफ्रीका ने केप टाउन में 59 मुकाबले खेले, 27 में टीम को जीत और 21 में हार भी मिली। टीम ने 11 मुकाबले ड्रॉ खेले लेकिन कभी किसी एशियन टीम को जीतने नहीं दिया। टीम यहां वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से भी नहीं हारी। वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, श्रीलंका और भारत के खिलाफ साउथ अफ्रीका ने केप टाउन में 19 टेस्ट खेले। टीम को 16 में जीत मिली और 3 ही टेस्ट ड्रॉ रहे। साल 2000 के बाद से साउथ अफ्रीका ने यहां 28 टेस्ट खेले, उन्हें 19 में जीत मिली और महज 4 में हार मिली। बाकी मुकाबले ड्रॉ रहे। यानी साउथ अफ्रीका इस मैदान पर शानदार फॉर्म में रहती है और एशियन टीमों के खिलाफ तो कुछ ज्यादा ही बेहतर हो जाती है।

### ■ पंत केप टाउन में सेंचुरी लगा चुके, वह स्क्वॉड का हिस्सा नहीं



भारत के बैटर्स का प्रदर्शन केप टाउन के मैदान पर कुछ खास नहीं रहा। सचिन तेंदुलकर को छोड़कर कोई भी बैटर 200 से ज्यादा रन भी नहीं बना सका है। सचिन ने यहां 4 टेस्ट में 2 सेंचुरी के सहारे 489 रन बनाए हैं। ऋषभ पंत ने पिछले दौरे पर शतक लगाया था लेकिन वह मौजूदा भारतीय स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। स्क्वॉड में शामिल विराट कोहली ने केप टाउन में खेले 2 मैच में 141 रन बनाए। उन्होंने यहां एक फिफ्टी लगाई है। दूसरे टेस्ट में भी एक बार फिर कोहली के कांधों पर ही भारतीय बैटिंग की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पहले टेस्ट में 38 और 76 रन की पारियां खेली थीं।

### ■ केपटाउन में विदेशी टीमों ने ही किया है अच्छा प्रदर्शन

विदेशाी टीमें केपटाउन में अच्छा प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया ने यहां 14 टेस्ट खेले, उन्हें 71.4 फीसदी मुकाबले यानी 10 में जीत मिली। ऑस्ट्रेलिया टाउन में सबसे सफल टीम है, उन्होंने यहां साउथ अफ्रीका से भी ज्यादा प्रतिशत मुकाबले जीते हैं। केप टाउन में इंग्लैंड ने 21 में से 10 टेस्ट जीते, वहीं न्यूजीलैंड को यहां 5 टेस्ट में एक बार जीत मिली।

### ■ न्यूलैंड्स मैदान पर 59 में से 11 ही टेस्ट ड्रॉ

केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर अब तक 59 टेस्ट मैच खेले गए। 23 बार पहले बैटिंग और 25 बार पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को जीत मिली। इस मैदान पर महज 11 ही टेस्ट ड्रॉ रहे। केप टाउन में बहुत कम टेस्ट ड्रॉ रहते हैं। साल 2000 के बाद से यहां 28 टेस्ट खेले गए और 23 में नतीजे आए। महज 5 टेस्ट ड्रॉ रहे।

### ■ भारत को न्यूलैंड्स में पहली जीत की तलाश

टीम इंडिया को केप टाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में पहली जीत की तलाश है। टीम ने यहां 6 टेस्ट खेले, उन्हें 4 में हार मिली और महज 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ने 2 टेस्ट महेंद्र सिंह धोनी और मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में ड्रॉ कराए। टीम को विराट कोहली की कप्तानी में 2 बार हार मिली, जबकि एक-एक बार राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदलुकर की कप्तानी में भी टीम को हार मिली।

### ■ कप्तान एल्गर के नाम न्यूलैंड्स में 2 सेंचुरी

न्यूलैंड्स में साउथ अफ्रीका के 4 पूर्व बैटर्स ने 1 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। मौजूदा स्क्वॉड में टीम के स्टैंडइन कप्तान डीन एल्गर यहां 2 सेंचुरी लगाकर 741 रन बना चुके। वह केप टाउन में करियर का आखिरी टेस्ट भी खेलेंगे। एल्गर ने ही मौजूदा सीरीज के पहले टेस्ट में 185 रन की पारी खेलकर भारत को टेस्ट मैच हराने में अहम भूमिका निभाई थी।

### ■ रबाडा केप टाउन में 42 विकेट ले चुके

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज केप टाउन में कहर बरपाते हैं। टीम के 4 पूर्व पेसर्स यहां 50 से ज्यादा टेस्ट विकेट ले चुके हैं। भारत के खिलाफ मौजूदा स्क्वॉड में शामिल कगिसो रबाडा के नाम भी इस मैदान पर 42 विकेट हैं। वह हर 21वीं गेंद पर यहां विकेट निकालते हैं। रबाडा ने मौजूदा सीरीज के पहले टेस्ट में भी 7 विकेट लिए थे।

---

रणजी ट्रॉफी में पहले दो मैचों के लिए स्क्वॉड जारी, मुंबई 5 जनवरी को बिहार के खिलाफ खेलेगी

# बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को नहीं मिली जगह, अजिंक्य रहाणे लगातार दूसरे सीजन में टीम की कप्तानी करेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई ने आगामी रणजी ट्रॉफी के नए सीजन के पहले दो मैचों के लिए 15 सदस्यीय स्क्वॉड जारी किया है। इसमें भारत के युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को जगह नहीं मिली है। अजिंक्य रहाणे लगातार दूसरे सीजन में टीम की कप्तानी करेंगे। 2023 में मुंबई टीम एलीट ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रही थी और नॉकआउट के लिए क्वालिफाई करने में असफल रही थी। मुंबई 5 जनवरी को बिहार के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 12 से 15 जनवरी तक आंध्र प्रदेश से उसका मुकाबला होगा। नॉर्थहैंप्टन शायर का हिस्सा बने थे। सितंबर में दुरहम के खिलाफ एक मुकाबले में उन्हें घुटने में चोट आ गई थी। वे तब




3 महीने के रिकवरी ब्रेक पर थे। हालांकि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने शॉ के स्क्वॉड में नहीं होने पर कुछ नहीं कहा है। शॉ ने मुंबई के लिए 44 रणजी मैचों में 12 शतकों के साथ 3802 रन बनाए हैं। पृथ्वी शॉ ने वन-डे कप में समरसेट के खिलाफ 244 रन की रिकॉर्ड पारी खेली थी। पृथ्वी शॉ ने वन-डे कप में समरसेट के खिलाफ 244 रन की रिकॉर्ड



पारी खेली थी। मुंबई रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे सफल टीम है। उन्होंने 88 सीजन में 39 बार ट्रॉफी जीती है जो कि 44.3 फीसदी है। इसके बाद दूसरी सबसे सफल टीम कर्नाटक है जिसने 8 बार खिताब जीता है। हालांकि, मुंबई ने 2015-16 सीजन के बाद से एक भी खिताब नहीं जीता है। तब से मुंबई ने 2 बार फाइनल खेला है।

### अथर्व अंकोलेकर को पहली बार मौका

23 साल के लेफ्ट आर्म स्पिनर अथर्व अंकोलेकर पहली बार टीम में शामिल हुए है। 2020 में अथर्व भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। बताया गया कि अंकोलेकर ने पुलिस जिमखाना में आयोजित पुलिस शील्ड फाइनल में न्यू हिंद स्पोर्टिंग क्लब के खिलाफ विक्ट्री क्रिकेट क्लब के लिए 70 रन बनाने के साथ ही 5 विकेट भी लिए।

### जायसवाल-सूर्या भी नहीं

बताया जाता है कि शॉ के अलावा इस सीजन के शुरुआती गेम्स में यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव भी टीम का हिस्सा नहीं है। हांलाकि, दोनों प्लेयर्स नेशनल टीम के रेग्यूलर प्लेयर्स बन चुके है।

टेस्ट और वनडे से लिया संन्यास

# ऑस्ट्रेलियाई बैटर वॉर्नर 3 जनवरी को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे आखिरी टेस्ट

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने टेस्ट के साथ ही वनडे से संन्यास लेने की भी घोषणा की है। वह 3 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे। वॉर्नर के वनडे से संन्यास लेने की पुष्टि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऑफिशियल अकाउंट से की। वॉर्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमोशनल होते हुए कहा मैं निश्चित रूप से वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था, जो मैंने वनडे कप के दौरान कहा था। वनडे वर्ल्ड कप भारत में जीतना बड़ी उपलब्धि है। मैं आज उस फॉर्मेट से संन्यास लेने का फैसला लूंगा, जो मुझे दुनियाभर में अन्य लीगों में खेलने की अनुमति देता है।




### अब सिर्फ टी-20 पर फोकस करेंगे वॉर्नर

वॉर्नर ने वनडे और टेस्ट से संन्यास की घोषणा टी-20 पर ध्यान लगाने के लिए की है। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वह ऑस्ट्रेलिया टीम का हिस्सा हो सकते हैं। वहीं, वह पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद बिग बैश में सिडनी थंडर के लिए कम से कम चार मैच खेलेंगे। इसके बाद वह आईएलटी 20 में दुबई कैपिटल्स के लिए खेल सकते हैं। इसमें खेलने के लिए उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी के लिए अनुरोध किया है। दुबई टीम का पहला मैच 21 जनवरी को खेला जाएगा। भारत में पिछले साल खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में डेविड वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के टॉप स्कोरर थे। उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप के खेले 11 मैचों में 48.63 की औसत से 535 रन बनाए थे।

---



## मेट्रो बाजार

# इस साल 70 हजार रुपए तक जा सकते हैं सोने के दाम



**मुंबई, एजेंसी**

साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी को सोने-चांदी के दामों में मामूली तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 46 रुपए महंगा होकर 63,302 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी में भी तेजी देखने को मिल रही है। ये 229 रुपए महंगी होकर 73,624 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 73,395 रुपए पर थी। बीते महीने 4 दिसंबर को चांदी 77 हजार के पार पहुंच गई थी।

बता दें साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16 फीसदी) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

एक्सपर्ट्स के अनुसार, 2024 में भी सोने की कीमत में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल सोना 70 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं अगर चांदी की बात करें तो ये 85 हजार रुपए प्रति किलो तक जा सकती है।

# ट्रायम्फ डेटोना 660 भारत में 9 जनवरी को लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ट्रायम्फ मोटरसाइकिल ने डेटोना 660 स्पोर्ट टूरर बाइक का टीजर जारी किया है। कंपनी भारत सहित ग्लोबल मार्केट में इस बाइक को 9 जनवरी को लॉन्च करेगी। ये एक मिडिलवेट स्पोर्टबाइक होगी। प्रीमियम बाइक बनाने वाले ब्रिटिश ब्रांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर अपने ऑफिशियल हैंडल पर इसकी जानकारी शेयर की है। भारतीय समय अनुसार लॉन्चिंग इवेंट शाम 5.30 बजे होगा। बाइक को भारत में करीब 9.50 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत पर लॉन्च किया जा सकता है। लॉन्च होने पर डेटोना 660 का मुकाबला यामाहा, कावासाकी निंजा 650 और होंडा सीबीआर 650 जैसी अन्य बाइकों से होगा।



हालांकि कंपनी ने बाइक के स्पेसिफिकेशन बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी शेयर नहीं की है, लेकिन कंपनी की वेबसाइट पर 660 मोनीकर दिखाया गया है। इससे हम उम्मीद कर सकते हैं कि ऑल न्यू मॉडल में टाइगर स्पोर्ट 660 और ट्राइडेंट 660 में मिलने वाला इंजन दिया जाएगा। 660 सीसी ट्रायम्फ इंजन की बात करें तो यह 1-3-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड यूनिट है, जो 81 एचपी की पावर और 64 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को स्लिप और असिस्ट क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स से ट्यून किया गया है। बाइक में 2 राइडिंग मोड- रेन और रोड के साथ 2-तरफा क्विकशिफ्टर और ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम दिया जा सकता है।

---

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं जाह्नवी कपूर!

करण जौहर का टॉक शो कॉफी विद करण 8 इन दिनों हर तरफ छाया हुआ है. शो में अब तक कई सेलेब्स आकर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से लेकर पर्सनल लाइफ तक से जुड़े कई राज खोल चुके हैं. वहीं, अब शो के नेक्स्ट एपिसोड में जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर नजर आने वाली हैं. इस एपिसोड का लेटेस्ट प्रोमो भी जारी हो गया है. इस दौरान करण ने जाह्नवी से रैपिड फायर राउंड में उनके दिल की बात निकलवा ली है. करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर एपिसोड का प्रोमो शेयर किया है. इस वीडियो में करण कपूर सिस्टर्स जाह्नवीऔर खूशी का वेलकम करते नजर आ रहे हैं. प्रोमो की शुरुआत में करण जाह्नवी और खुशी के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं. शो में जाह्नवी अपने चाचा अनिल कपूर की मिमक्री करती नजर आईं तो वहीं, खुशी कपूर ने भी अपनी डेटिंग की खबरों को लेकर रिएक्ट किया है।



### ब्लश करती नजर आई एक्ट्रेस

जाह्नवी ने अपने रुमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया को लेकर कुछ ऐसा कह दिया है जिसके बाद उनके रिश्ते पर पक्की मुहर लगती नजर आ रही हैं. दरअसल, रैपिड फायर राउंड में करण जाह्नवी से पूछते हैं कि उनके फोन की स्पीड डायल लिस्ट में 3 टॉप कॉन्टेक्ट हैं. इसके जवाब में जाह्नवी कहती हैं कि पहले नंबर पर पप्पा, सैकेंड खूशु और शिख्खु (शिखर पहाड़िया) इस दौरान एक्ट्रेस ब्लश करती नजर आती हैं. ये सुन करण भी खुशी से नाचने लगें. बता दें कि, ये एपिसोड डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर गुरुवार को स्ट्रीम होगा.

# फरवरी में रकुल और जैकी लेंगे सात फेरे

काफी लंबे समय से अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और निर्माता -एक्टर जैकी भगनानी की शादी की खबरें सुनने को मिल रही है। रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने अब शादी करने का फैसला कर लिया है और अगले महीने गोवा में शादी करने जा रहे हैं। इस समय रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बैंकॉक में एक साथ छुट्टियां मना रहे हैं। चर्चा थी कि रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी साल 2023 में ही शादी करने वाले हैं, और जैकी भगनानी के पिता वासु भगनानी इस शादी को गैंड बनाने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन अब सुनने में आ रहा कि शादी बहुत ही साधारण समारोह में अगले महीने 22 फरवरी को गोवा में होगी, जिसमे कुछ खास मेहमानों को ही आमंत्रित किया जाएगा। जैकी भगनानी इस शादी को बहुत ही अतरंग रखना चाहते हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि भगनानी का परिवार बहुत निजी है और शादी को भी निजी रखना चाहते हैं।



# मुश्किल रहा शाहरुख के साथ रोमांस करना: तापसी



डंकी फिल्म में पहली बार तापसी पन्नू ने शाहरुख खान के साथ किया है। फिल्म में उनकी और शाहरुख की जबरदस्त केमेस्ट्री ने दर्शकों की खूब तारीफें बटोरी हैं। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तापसी और शाहरुख की रोमांटिक जोड़ी को भले ही दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है, लेकिन तापसी के लिए फिल्म में शाहरुख के साथ रोमांस करना बिलकुल आसान नहीं था। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में तापसी ने इसका खुलासा भी किया है। तापसी शाहरुख के साथ फिल्म में किए रोमांस के बारे में बात करते हुए कहती हैं, मेरे लिए शाहरुख खान के साथ रोमांस करना बहुत मुश्किल था। शूटिंग के शुरुआती दिनों में मैं जब भी उनकी तरफ देखती थी। तब वे प्यार से मेरी तरफ देख रहे होते थे। अब ऐसे में कोई भी कोई भी रोमांटिक दृश्य उनके साथ फिल्माना बिना फोजन हुए नामुमकिन था। शाहरुख जब आपकी तरफ प्यार से देखते हैं। तब आपको उनकी सभी क्लासिक रोमांटिक फिल्में याद आने लगती हैं, जब हकीकत में वही इंसान आपके सामने आपके साथ रोमांस कर रहा हो तब आप कैसे नहीं फ्रीज होंगे।

### मिलनसार स्वाभाव के हैं शाहरुख

शाहरुख के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए तापसी बताती हैं, आप उनकी रोमांटिक फिल्में देख चुके होते हैं। आपको पता होता है कि पर्दे पर वो कैसे दिखते हैं, कैसे प्यार करते हैं, लेकिन जब आप उनसे हकीकत में मिलते हैं, तब भी वे उतने ही प्यार से आपको मिलते हैं। शाहरुख बहुत ही मिलनसार स्वाभाव के इंसान हैं। उन्हें जरा भी नहीं लगता कि वे इतने बड़े स्टार हैं। मैं जब उनसे मिली तब बार-बार खुद को झकझोर कर यकीन दिलाने की कोशिश करती रही कि यही सच है, शाहरुख खान मेरे सामने हैं। मैं उनके साथ फिल्म में काम कर रही हूं।

तापसी पन्नू के लिए गुजरा हुआ साल काफी सफल रहा है। उन्होंने 'डंकी' के अलावा 'दोबारा' और 'तड़का' जैसी फिल्मों से अपनी अभिनय का लोहा मनवाया है। 2024 में उनकी फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' के आने की सम्भावना है। इस फिल्म में उनके साथ विक्रांत मैसी दिखाई देंगे। यह फिल्म 2021 में आयी

### दोनों भाइयों से की मारपीट, काली बस्ती से कर रहे थे पीछा

# दो भाइयों पर हमला, एक्सिस चुरा ले गए तीन अज्ञात बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित यूनानी शफाखाना के पास मारवाड़ी रोड पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने दो सगे भाइयों पर हमला कर दिया। बदमाशों ने एक भाई पर नुकीली चीज से वार किया जबकि दूसरे भाई के साथ भी मारपीट की। इस दौरान एक भाई अपनी एक्सिस गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब वह लौटा तो वहां एक्सिस गाड़ी नहीं मिली। हमला करने के बाद अज्ञात तीन बदमाश वाहन चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन चोरी व धारदार हथियार से हमला करने का प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक जिंसी जहांगीराबाद निवासी इमरान खान (35) की जहांगीराबाद में टेलरिंग की दुकान है। उनका ससुराल नूर महल स्थित काली बस्ती में है। रविवार शाम उनकी पत्नी अपनी एक्सिस गाड़ी लेकर ससुराल आई हुई थीं। इस बीच देर रात इमरान गाड़ी लेकर ससुरा पहुंच गए। उन्हें किसी काम से कहीं ओर जाना था। वह बड़े भाई एजाज खान को लेकर गाड़ी लेकर गए थे। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब साढ़े तीन बजे वह काली बस्ती से एक्सिस लेकर निकले थे। एक गाड़ी पर बड़े भाई एजाज थे तो दूसरी गाड़ी इमरान चला रहे थे। जैसे ही वह लोग सेंट्रल डेयरी के पास मारवाड़ी रोड पर पहुंचे, पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे तीन बदमाशों में से एक ने एजाज खान के हाथ पर नुकीली चीज से हमला कर दिया। वह घबरा गए। इमरान पर वार करने के बाद बदमाशों ने आगे जा रहे एजाज के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच मारे डर के इमरान खान अपनी एक्सिस गाड़ी छोड़कर भाग गए। करीब 20 मिनट बाद वह लौटे तो एक्सिस गाड़ी वहां नहीं थी। घर पहुंचने पर पता चला कि बड़े भाई एजाज खान अपनी गाड़ी लेकर घर आ गए थे। फरियादी इमरान खान ने पुलिस को बताया कि वह आरोपियों को नहीं पहचानते। वे लोग काफी दूर से उनका पीछा कर रहे थे। आरोपियों का सुराग लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।


फाइल फोटो

### नए साल की पहली एफआईआर गांधी नगर थाने में हुई दर्ज



**भोपाल।** नए साल 2024 के आगाज के साथ ही अपराध की दुनिया की भी शुरुआत हो गई। राजधानी में पहली प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) गांधी नगर थाने में 12 बजकर 11 मिनट पर साधारण मारपीट की दर्ज की गई है। इसके बाद दूसरी एफआईआर 12 बजकर 22 मिनट पर परवलिया सड़क थाने में आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध की गई। शहर की तीसरी रिपोर्ट भी 12 बजकर 24 मिनट पर कोलार थाने में अवैध शराब (आबकारी एक्ट) के तहत पंजीबद्ध की गई है।

# सोलह साल की किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित बारह नंबर मल्टी में सोलह साल की किशोरी ने फांसी लगा ली। फांसी का फंदा काटकर उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी के पास से सुसाइड नोट?नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया था। आज पीएम के बाद परिजन से पूछताछ की जाएगी।



पुलिस के अनुसार रिया ओसवाल पिता प्रकाश ओसवाल (16) बारह नंबर मल्टी में रहती थी। वह दसवीं तक पढ़ी थी। दसवीं में फेल होने के कारण उसने पढ़ाई लिखाई छोड़ दी थी और घरेलू कामकाज संभालती थी। उसके परिवार में माता पिता के अलावा दो बड़े भाई है। दोनों भाई कार वाशिंग का करते हैं, जबकि पिता मजदूरी करते हैं। मां भी घरों में साफ सफाईकरने जाती है। परिवार के सभी सदस्य कल काम पर गए?थे। शाम करीब छह बजे मां घर पहुंची तो उन्होंने बेटी का शव रस्सी के फंदे पर लटका देखा था। बेटी को फंदे पर देखते ही उनके मुंह से चीख निकल गई और बेहोश हो गई। उनकी चीख सुनकर पड़ोस में लोग पहुंचे और रिया को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बीआरटीएस लेन के पाइप से टकराई बाइक युवती की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बीआरटीएस लेन के पाइप में टकराने के बाद बाइक सवार युवक युवती करीब पचास मीटर तक घिसटते हुए चले गए। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है।


फाइल फोटो

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। घटना के समय दोनों न्यू ईयर पार्टी मनाकर मंडीदीप की तरफ से लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार अनामिका काकोड़िया पिता रामगोपाल काकोड़िया (23) कॉलेज में पढ़ती थी। 31 दिसंबर की रात वह अपने साथी भूपेंद्र तिवारी के साथ न्यू ईयर पार्टी मनाने के लिए मंडीदीप गई?थी। पार्टी सेलेब्रेड करने के बाद दोनों बाइक से भोपाल लौट रहे थे। समरधा निकलते ही दोनों बीआरटीएस की शुरुआत तक पहुंच गए?थे। बीआरटीएस के शुरुआती पाइप में उसकी बाइक टकरा गई। घटना सुबह करीब साढ़े तीन से चार बजे के बीच की है। तेज रफ्तार बाइक पाइप से टकराने के बाद करीब पचास मीटर तक घिसटी थी। इस हादसे में अनामिका को सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भूपेंद्र की हालत नाजुक बनी हुई है।

## महिला महापौर हेल्पलाइन


**भोपाल।** आज स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम में 'महिला महापौर हेल्पलाइन' के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की एवं लाभार्थियों से फीडबैक लिया, साथ ही अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर समस्या हल करने हेतु आदेशित किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बावड़िया फाटक पर कल रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस को घटनास्थल से एक टूटा हुआ मोबाइल मिला है।

मोबाइल की सिम से पुलिस नंबर निकालने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार कल रात करीब 9 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि किसी युवक का शव बावड़िया फाटक पर पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के सिर में गंभीर चोट है। अनुमान लगाया जा है कि चोट ट्रेन के इंजन से टकराने के कारण लगी है।

### मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय

# सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने लगाए प्रभारी प्राचार्य पर नियम विरुद्ध वसूली के आरोप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. कैलाश त्यागी ने कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य पर नियम विरुद्ध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। त्यागी ने इस संबंध मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा सहित विभिन्न अधिकारियों को लिखित में शिकायत की है। त्यागी ने अपनी शिकायत में न्याय की मांग करते हुए कहा है कि उन्हें शासन से कोई शिकायत नहीं है, वहां से पेंशन व ग्रेच्युटी की राशि मिल चुकी है। केवल प्रभारी प्राचार्य उन्हें जान बूझकर परेशान कर रहे हैं।

### यह है मामला

डॉ. कैलाश त्यागी ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह एमवीएम से 31 अगस्त 2023 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सेवानिवृत्ति उपरान्त संभागीय पेंशन अधिकारी द्वारा उनका पी.पी.ओ. 8 सितम्बर 2023 को जारी कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हृदय रोगी हैं, इसके लिए समय-समय धनराशि की आवश्यकता होती है।

मेरी उक्त जारी पी.पी.ओ. के अनुसार मेरे ऊपर किसी भी तरह की रिकवरी वसूली नहीं की जानी है। म.प्र. के पदोन्नत प्राध्यापकों का ए.जी.पी. का प्रकरण हाईकोर्ट की डीबी में विचाराधीन है जिसमें न्यायालय ने स्थगन दे रखा है। शासन की ओर से भी ए.जी.पी. की वसूली हेतु कोई निर्देश जारी नहीं किये गये हैं। इसके बावजूद प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम.एस. रघुवंशी ने नियम विरुद्ध अपने द्वारा ए.जी.पी. की धनराशि ब्याज सहित उनसे यह कहकर जमा करवा ली।

**मेट्रो एंकर** बारह सौ रुपए की नगदी, हार समेत तीन लाख का था सामान

# कैब ड्राइवर ने 75 साल की रिटायर्ड प्रिंसिपल के बैग से चुराया पर्स

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ग्यारह मील के पास इंटरनेशनल स्कूल के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला के पर्स से कैब ड्राइवर ने छोटा पर्स निकाल लिया। पर्स में बारह सौ रुपए की नगदी और सोने का हार था। बदमाश छोटे पर्स से कुल 3 लाख रुपए का माल चुराकर ले गया था। पुलिस ने कैब ड्राइवर का पता लगाते हुए उसे गिरफ्तार कर चुराया गया हार बरामद कर लिया है।

प्रधान आरक्षक अशोक तोमर ने बताया कि 75 साल की रेखा वर्मा, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पास ग्यारह मील पर रहती हैं। वे निजी स्कूल में प्रिंसीपल रह चुकी है। फिलहाल यहां वह अकेली रहती है, जबकि उनकी बेटी बेंगलोर में रहकर जॉब करती है। गत 22 दिसंबर को रेखा वर्मा बेंगलोर जाने के लिए निकली थी। इस दौरान उन्होंने ओला कैब बुक की। कैब का चालक उनके घर पहुंचा और उन्हें कार में बिठा लिया। रेखा ने बताया कि उन्हें बेक पैन की शिकायत है। लिहाजा वह कैब ड्रावइर के बगल वाली सीट पर बैठी थी। इस दौरान कैब ड्राइवर ने कहा कि एक बार घर का ताला ठीक से चेक कर लों फिर चलते हैं। रेखा कैब में पर्स छोड़कर घर का ताला चेक करने चली गई। ताला चेक करने के बाद रेखा को कैब चालक ने एयरपोर्ट पर छोड़ दिया।


फाइल फोटो

### चेक इन में पता चला चोरी हो गया है पर्स

ऐयरपोर्ट पर चेक इन के समय सामान की चेकिंग हुई तो पता चला कि उनके पर्स के अंदर से छोटा पर्स चोरी हुआ है। वे बेंगलोर पहुंची और बेटी को घटना की जानकारी दी। बेटी मां को लेकर मिसरोद थाने आई और पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 56 साल के भोला सिंह अहिरवार, निवासी ग्लोबल टावर ग्यारह मील के रूप में की गई।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022